हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री


12 भिलाई-चरोदा में 50 करोड़ की नई जल प्रदाय...





13 राजपुर में अवैध खनन का चल रहा बड़ा खेल...






## खबर संक्षेप

### कुम्हारी डिस्लरीज से तीन वाहन जब्त

**भिलाई।** कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्लरीज प्राइवेट लिमिटेड से ईओडब्लू (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों) ने अवैध शराब परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे तीन वाहनों को जब्त किया है। जांच में सामने आया है कि वाहनों का उपयोग अवैध पार्ट-बी शराब को डिस्लरी से सीधे शासकीय शराब दुकानों तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। ईओडब्लू की जांच में डिजिटल और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि डिस्लरी मालिक अपने भरोसेमंद लोगों के माध्यम से छोटे ट्रांसपोर्टरों की वाहनों का इस्तेमाल कर अवैध शराब की सप्लाई करवा रहा था। इस काम के लिए कुछ तय वाहनों का बार-बार उपयोग किया जाता था। जिससे शराब सीधे सरकारी दुकानों तक पहुंचाई जा सके। यह कार्रवाई शराब घोटाला मामले के तहत की गई है। शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) और भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत जांच चल रही है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो पहले भी इस मामले में कार्रवाई कर चुका है। इससे पहले वेलकम डिस्लरी कोटा (बिलासपुर) और भाटिया वाइंस डिस्लरी सरगांव (मुंगेली) से कुल 16 वाहन जब्त किए जा चुके हैं।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि थाना छावनी के न्यायालय से जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत फरार वारंटियों की लगातार तलाश कर चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई के कुल 4 वारंटियों को पकड़ा गया है। जिसमें विवेकानंद नगर नंदनी रोड निवासी रूद्र अभिषेक पासवान, सर्कुलर मार्केट कैम्प 02 मुकेश तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, दिनेश कुमार महाजन, कैम्प 1 भिलाई संदीप दीप शामिल हैं। उप निरीक्षक अमित अंदानी की भूमिका सराहनीय रही।

# महादेव सट्टा : राज के वायरल वीडियो में पान ठेला संचालक भी नजर आया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

महादेव सट्टा के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी राज गुप्ता भिलाई पहुंच कर कई मोबाइल, ज्वेलरी और कपड़े दुकानों में काम करने वाले लोगों से मिला। अब उन सारे लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। उनकी कुंडली खंगाल रही है। वायरल वीडियो में राज गुप्ता के साथ आकाशगंगा सुपेला स्थित पान ठेला संचालक भी डांस करते नजर आया है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक युवक उसके आगे पीछे घूमते देखे गए हैं। उन सारे लोगों के बारे में पुलिस ने पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राज गुप्ता बीते 15 दिनों से भिलाई के होटल में रुका हुआ था, लेकिन इसकी खबर किसी को नहीं लग पाई। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक बार फिर नए सिरे से जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पुलिस सभी संदिग्धों के सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगाल रही है। इसके अलावा राज गुप्ता के साथ शुभम नामक युवक की तस्वीर भी वायरल हो रही है। यह फोटो भिलाई के होटल की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक शुभम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से राज के साथ की फोटो डाल रखी है।

## मोबाइल, ज्वेलरी और कपड़ा दुकानों में काम करने वालों से पुलिस करेगी पूछताछ

### इंस्टाग्राम को प्राइवेसी करने हिदायत

सूत्रों के मुताबिक हरिभूमि के खबर लगते ही राज गुप्ता को अपने इंस्टाग्राम को प्राइवेसी मोड में रखने की हिदायत सौरभ चंद्राकर की टीम द्वारा दिए जाने की भी बात सामने आई है। अब राज गुप्ता कोई फोटो, वीडियो डालेगा, उसे हर कोई शेयर नहीं कर सकेगा। जो उसे इंस्टाग्राम में जुड़ा होगा वह ही फोटो, वीडियो देख सकेगा। बताया जा रहा है कि राज गुप्ता को खबर के सुर्खियों में आने के बाद प्रमोटर ने जमकर फटकार भी लगाई है। जबकि राज गुप्ता को अपने परिवार से मिलने के लिए दुबई से भिलाई भेजा गया था। लेकिन यहां आकर होटल में रुककर कारोबार से जुड़े लोगों से मेल मिलाप कर रैली का वीडियों को सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया था।




### पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया अकाउंट से हरिभूमि की खबर की पोस्ट

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरिभूमि में प्रकाशित खबर को अपने फेसबुक अकाउंट में शेयर की है। उन्होंने इसके साथ लिखा कि सट्टा ही सत्ता, सरकार किसकी, अफीम कौन उगा रहा? सट्टेबाजों का संरक्षण किसका? जैसे शब्द लिखकर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया है। बघेल के सोशल मीडिया में डालने के बाद कई लोग कमेंट कर पूछ भी रहे है। उनके अकाउंट से पोस्ट की गई यह खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें लगातार कमेंट किए जा रहे हैं और पोस्ट को शेयर किया जा रहा है।

## फेल सिस्टम : नक्शा ही नहीं उपलब्ध करवा रहा राजस्व विभाग इसलिए भौतिक सत्यापन नहीं

# रिसाली निगम में 37 घास व ईडब्ल्यूएस की जमीन गायब, किसी की रजिस्ट्री हो गई तो कहीं कब्जे में

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

## टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और जिला राजस्व विभाग निगम प्रशासन को नहीं दे रहा नक्शा

रिसाली निगम क्षेत्र में 37 सरकारी घास जमीन गायब है। भिलाई निगम से बटवारे में मिले ईडब्ल्यूएस की 18 खसरे की जमीन और शेष 19 खसरे की तलाश रिसाली निगम नहीं कर पाई है। भिलाई निगम ने ईडब्ल्यूएस की संपत्ति रिसाली निगम को बटवारे के दौरान दी है।

जमीन इसलिए नहीं मिल रही है कि वहां के बिल्डरों ने इसकी रजिस्ट्री ही करवा दी और लोगों ने अवैध कब्जे भी कर लिए। । रिसाली निगम प्रशासन जिला राजस्व विभाग से सीमांकन करवाने और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग जमीन की स्थिति का पता लगावाने के लिए ढ़ेरों पत्राचार कर चुका है। बावजूद इसके इन विभागों ने प्रक्रिया आगे ही नहीं बढ़ाई। अब निगम प्रशासन के पास न खसरा नंबर और न ही नक्शा। ऐसी स्थिति में करोड़ों रुपए की संपत्ति हड़प करने वालों पर रिसाली निगम कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### परिसंपत्तियों का नहीं हो रहा सत्यापन

रिसाली निगम के पास कितनी परिसंपत्ति है इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है। इसकी वजह भी ईडब्ल्यूएस की जमीन है। भिलाई निगम ने बटवारे में लिखित तौर पर ईडब्ल्यूएस की इस जमीन का उल्लेख किया है। ईडब्ल्यूएस की इस जमीन का चिहांकन रिसाली निगम प्रशासन इसलिए नहीं कर पा रही है कि जिला राजस्व विभाग अपना रिकार्ड के हिसाब से नक्शा उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। नक्शा के साथ ही सीमांकन भी राजस्व विभाग को करना है। इसके बिना रिसाली निगम क्षेत्र के अंतर्गत और भी संपत्तियों का भौतिक सत्यापन नहीं करवा पा रहा। वर्ष 2026.27 की बजट पुस्तिका में परिसंपत्ति का ब्योरा निगम प्रशासन विधिक प्रक्रियाओं के पूरी नहीं होने की वजह से प्रदर्शित नहीं कर पाया।

हरिभूमि पड़ताल




### पूर्व गृहमंत्री ने किया था भूमिपूजन

रिसाली में पेट्रोल पंप के बाजू खसरा नंबर 952 रिक्त जमीन पर मांगलिक भवन निर्माण के लिए तत्कालीन गृहमंत्री ने भूमिपूजन भी किया था। वर्तमान में यहां भी कब्जा हो गया है। इस भवन निर्माण के लिए बकायदा 25 लाख रुपए का प्रावधान भी हो चुका था। इस भवन के लिए निगम ने यह जगह आरक्षित भी कर दी थी। ग्रामीण यहां पर सार्वजनिक भवन निर्माण करवाना चाहते हैं और इसके लिए महीनेभर पहले ही कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन भी दिया है।

### बनी थी पांच सदस्यीय कमेटी

वर्ष 2025.26 की सामान्य सभा के दौरान नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ने इस ईडब्ल्यूएस की जमीन का मुद्दा उठाया था। वार्ड क्रमांक 21 के अंतर्गत यह जमीन छोड़ी गई थी। तब सभापति केशव बंछोर ने सभी दलों के पार्षदों की एक जांच कमेटी गठित की जिसमें पांच पार्षद शामिल हुए थे। यह कमेटी भी सालभर में ईडब्ल्यूएस की जमीन को चिहिंत करने में सक्रियता नही दिखाई। नतीजा अब भी ईडब्ल्यूएस की जमीन कब्जे में हैं।

### जांच से होगा खुलासा

रिसाली निगम क्षेत्र में 37 खसरा नंबर सरकारी घास में दर्ज रहा है। जो वर्तमान में नहीं दिख रहा है। ईडब्ल्यूएस के 18 खसरों के अलावा पूरे निगम क्षेत्र में घास जमीन की जांच की मांग हमने की है। करोड़ों की सरकारी संपत्ति को यहां के बिल्डर अपने कब्जे में ले रखे हैं। रजिस्ट्री भी हो चुकी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सब हुआ है। इन स्थानों पर ग्रामीणों के लिए सार्वजनिक भवन बना सकते हैं।

**-शैलेंद्र साहू**, नेता प्रतिपक्ष

### पत्र लिखा है

ईडब्ल्यूएस की जमीन को लेकर जिला राजस्व विभाग अनुविभागीय अधिकारी व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को मार्च 2025 में अंतिम पत्र लिखा गया। उन विभागों द्वारा जमीन का नक्शा ही उपलब्ध नहीं करवाया गया है। सीमांकन की भी मांग की थी। जिसकी वजह से ईडब्ल्यूएस व अन्य सरकारी जमीन का चिहांकन नहीं हो पा रहा है।

**-अखिलेश गुप्ता,** राजस्व अधिकारी रिसाली निगम

### सरकारी घास भूमि का खसरा नंबर

| खसरा | रकबा (हे.) | खसरा | रकबा (हे.) |
|---|---|---|---|
| 6/23 | 0.2300 | 931 | 0.6700 |
| 197 | 0.0500 | 940 | 0.0400 |
| 198 | 0.2000 | 941 | 0.0200 |
| 317 | 0.0200 | 944 | 0.0400 |
| 351 | 0.0100 | 952/1 | 0.3012 |
| 421 | 2.0100 | 954 | 0.1400 |
| 424 | 0.2500 | 958 | 0.0300 |
| 427 | 1.0400 | 1047 | 0.0400 |
| 486 | 0.2000 | 1048 | 0.2300 |
| 513 | 0.1000 | 1049 | 0.0500 |
| 596 | 0.0100 | 1052 | 0.0800 |
| 880 | 0.2400 | 1074 | 0.3100 |
| 889 | 0.0700 | 1104 | 0.1400 |
| 892 | 0.0300 | 1107 | 1.0500 |
| 893 | 0.0300 | 1134 | 2.7100 |
| 896 | 0.0100 | 1135 | 0.0700 |
| 897 | 0.0100 | 1252 | 0.0800 |
| 905 | 0.5500 | 1253 | 0.5300 |
| 906 | 0.0400 | | |

नोट- वर्तमान में इन स्थानों की जांच की मांग की गई है।

### कांग्रेसी पार्षद का बेटा जुआ खेलते रायपुर में पकड़ाया



**भिलाई।** कांग्रेसी पार्षद का पुत्र जुआ खेलते रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी-रायपुर बॉर्डर पर चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। थाना अभनपुर के ग्राम टोकरो के पास खेतों में जुए का फड़ संचालित हो रहा था। पुलिस ने दबिश देकर सेक्टर-10 निवासी राहुल सिंह और उसके दोस्त रायपुर निवासी रितेश कुमार को पकड़ा गया है। पुलिस ने 6 लाख 34 हजार कैश और कार बरामद किया है। 6 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि टोकरो और मानिकचौरी गांव के बीच मेन रोड से करीब एक किलोमीटर अंदर खेतों में जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम पहुंची और दबिश देकर पकड़ा लगया। पुलिस को देखते ही करीब 15 जुआरी भागने में सफल रहे। पुलिस ने पीछा कर दो राहुल सिंह और रितेश को पकड़ लिया। राहुल सिंह कांग्रेस नेत्री सुभद्रा सिंह का बेटा है। पुलिस के मुताबिक रायपुर-धमतरी बॉर्डर पर जुआ खिलाए जाने की जानकारी पर दबिश दिया गया। इससे पहले कई आरोपी फरार हो गए। राहुल सिंह के खिलाफ भिलाई में भी कई मामले दर्ज है।

### शारदा पारा तालाब में डूबे व्यक्ति की खोजबीन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तालाब नहाने गए एक व्यक्ति की डूब गया। उसकी खोजबीन जारी है। छावनी थाना प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि कैम्प 2 वार्ड-35 निवासी संतोष यादव उर्फ पोपू अपने घर से कैम्प 2 स्थित शारदा पारा तालाब नहाने गया था।

बुधवार को तालाब में डूब गया। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ, गोताखोरों को बुलाया गया है। जिसकी खोजबीन की जा रही है। संतोष की उम्र 40 वर्ष है, हमाली का काम करता है। संतोष शाम 4 बजे तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से संतोष डूब गया। आसपास में मौजूद लोगों ने जब उसे नहीं दिखा तो तलाश करना शुरू कर दी। कुछ देर बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। देर रात तक व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरी के पैसों से खरीदी स्कूटी और बाइक 8.22 लाख के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- अमलेश्वर थाना क्षेत्र का मामला

घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्गानगर नेश्वर अमलेश्वर निवासी खिलेश दास मानिकपुरी, रायपुरा डी.डी. नगर भुनेश्वर उर्फ नानू यादव, कृष्णा नगर डंगनिया रायपुर तुलेश्वर सोनकर उर्फ टिल्लू को पकड़ा गया है। घटना का मुख्य आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी अपने दोस्त भुनेश्वर के साथ मिलकर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। जेवरातों को तीसरे आरोपी तुलेश्वर सोनकर को बेचना बताया है। चोरी के रकम से बाइक, स्कूटी को खरीदने में लगाया। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात, नगदी, मोबाइल फोन, चोरी की रकम समेत वाहन को जब्त किया है। आरोपियों से 54 ग्राम 6.48 लाख, चांदी 513 ग्राम 2.58 लाख, नगदी 6,480, स्कूटी सीजी 04क्यूव्ही 3484 1 लाख रुपये, बाइक सीजी 07 एल 8246 कीमत 10 हजार रुपये और मोबाइल फोन जब्त किया गया है।



### ट्रक से मोबाइल पार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



ट्रक से मोबाइल पार करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पावर हाउस बस स्टैंड, भिलाई में रात समय ट्रक चालक दुलार सिंह ठाकुर ट्रक खड़ा कर पानी लेने जाने के दौरान स्वीपर मोहल्ला निवासी एस जोसेफ ने ट्रक में रखे मोबाइल फोन की चोरी कर ली। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों द्वारा धारदार हथियार, डंडा लहराते हुए उसे डराकर मौके से फरार हो गए। आरोपी से मोबाइल, एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। कार्रवाई में प्रभारी अमित अंदानी समेत उनकी टीम का योगदान था।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें




सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


## जेआरडी स्कूल से 130 परीक्षा केंद्रों के लिए बांटे गए प्रश्नपत्र

# बारहवीं का रद्द हिन्दी पेपर थानों के स्ट्रॉन्ग रूम में कैद, 10 अप्रैल को दोबारा देंगे 9967 विद्यार्थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पेपर लीक होने की वजह से सीजी बोर्ड बारहवीं का हिन्दी विषय का पेपर 10 अप्रैल को होगा। बुधवार को जेआरडी स्कूल दुर्ग से इस विषय का प्रश्नपत्र केंद्राध्यक्षों को बांटे गए। सीलबंद प्रश्नपत्र की पेटियां विभिन्न रूटों पर बसों के माध्यम से रवाना किया गया। ये पेटियां संबंधित थाने के स्ट्रांग रूम में रखवाई गई है। जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन यह परीक्षा केंद्रों में लाई जाएगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से आयोजित की गई है।

### जिले के 130 केंद्रों में 9967 विद्यार्थी देंगे दोबारा परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दुर्ग जिले में 130 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 9 हजार 967 विद्यार्थी हिन्दी विषय की परीक्षा दोबारा देंगे। पेपर लीक होने की वजह से इस परीक्षा के लिए मंडल हो दोबारा प्रश्नपत्र छपवाने पड़े हैं। इसी तरह परीक्षा आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा विभाग को दोबारा मशक्कत करनी पड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने प्रश्नपत्र वितरण के दौरान गोपनीयता बनी रहे इसकी स्वयं मानिटरिंग करने पूरे समय मौजूद रहे। बोर्ड से भी अधिकारी यहां पहुंचे थे।



### इन रूटों पर बसों से रवाना होंगे प्रश्नपत्र

जिला शिक्षा विभाग ने दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के परीक्षा केंद्रों के हिसाब से बसों की व्यवस्था की थी। तीनों रूटों पर बसों में डालकर प्रश्नपत्र की पेटियां रवाना की गई। इस बार सुरक्षा के लिए बसों में गार्ड भी मौजूद रहे। केंद्राध्यक्षों ने स्वयं प्रश्नपत्रों से भरी पेटियां उठाई और बसों तक पहुंचाई। बारहवीं के अन्य विषयों की परीक्षा हो गई है और उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी पूरा कर लिया गया है।


WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

खबर संक्षेप

## निजी स्कूलों में नोडल अधिकारी नियुक्ति की मांग

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के



महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य व पार्षद सीजू एन्थोनी ने कहा कि निजी शालाओं द्वारा नए शिक्षा सत्र में पालकों से मनमानी धन वसूली की जा रही है। इसकी सूचना जिला प्रशासन को होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पालकों से नियम विरुद्ध शैक्षणिक फीस के अलावा अन्य फीस जिसे कई नाम दिए जा रहे है जैसे री एडमिशन, शाला विकास, बिल्डिंग फी आदि। सीजू एन्थोनी ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि जिले के सभी निजी विद्यालय चाहे राज्य बोर्ड के हो या सीबीएसई बोर्ड के, सभी शालाओं मे एक एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाए ताकि निजी शाला प्रबंधन पालकों के साथ मनमानी न कर सके। सभी सबंधित स्कूल में मुख्य द्वार पर शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर, ई मेल आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से लिखा जाए। इस सबंध मे प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पत्र भेज कर शिकायत दर्ज की गई है।

## दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अनुशंसा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव मलकीत सिंह गेंदु के अनुमोदन, प्रभारी प्रदेश महामंत्री सीता वर्मा के सहमति से यह घोषणा की गई है। दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष गुरदीप सिंह भाटिया ने बताया कि कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष अनूप चंदनिया, रागिनी साह, सतीश पांडे, अहमद चौहान, डोमेन्द्र कुमार साहू, पीताम्बर साहू, महामंत्री कमलेश देवांगन, सरस्वती, खुशबू साहू, मोहम्मद शरीफ, पुष्पेंद्र साहू, नुमेन्द्र पटेल, शलभ साहू, सतीश रजक, संदीप कुमार चौरसिया, सचिव लक्ष्मण चंदानिया, प्रियंका मोटघरे, रिजवान खमानी, ललित उके, शाहनावज, ताम्रध्वज साहू, नियाज शेख, प्रवीण साहू, रोहित गायकवार्ड बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य निद्रा जाल, शाहशाह आलम, संतोष कुमार चंदेल, डोमन बांधे, अनवर पुवार, नसीर रहमान नियुक्त किए गए हैं।

# धमधा नाका के फ्लाई ओवर का नए सिरे से होगा सर्वे, जल्द बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पिछले दो साल यानी वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में स्वीकृत हुए कामों की जानकारी ली। साथ ही उन्हें तय समय में पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि वेटनरी कॉलेज अंजोरा में नए हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। नगर सैनिक कार्यालय में नया बैरक और जिला अस्पताल में सर्जिकल विंग का काम चल रहा है। अधिकारियों ने अन्य स्वीकृत कार्यों की भी जानकारी दी। बैठक में धमधा नाका में प्रस्तावित नए फ्लाई ओवर पर भी चर्चा हुई। सारी तकनीकी दिक्कतों को दूर करने नए सिरे से सर्वे कराने और रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निराकरण करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में विकास कार्यों को यथाशीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने तथा सड़क के नवनिर्माण तथा चौड़ीकरन में सर्वे में प्रभावित और मुआवजा राशि संबंधी जानकारी लिए। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता बीके पटोरिया, दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम हरवंश मिरी सहित अन्य मौजूद थे।

## शिक्षामंत्री गजेंद्र ने वर्ष 2025-26 और 2024-25 में स्वीकृत कामों की समीक्षा की



**2 साल में 500 करोड़ से ज्यादा के कामों की मिल चुकी मंजूरी**

मंत्री गजेन्द्र यादव ने बैठक में दुर्ग शहर के सर्वांगीण विकास के लिए 2 वर्ष में लगभग 500करोड़ की राशि राज्य शासन ने स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी। विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग शहर के विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण, नवनिर्माण के लिए राशि जारी की है, ताकि शहर की जनता की सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही शहर में बढ़ते हैवी ट्रैफिक की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा सड़क निर्माण दौरान आने वाले कठिनाईयों को चिन्हित कर सड़क चौड़ीकरन के दौरान प्रभावित होने वाले मकान के मुआवजा राशि का शीघ्र निराकरण करने कहा बैठक में पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को वर्ष 2025- 26 के बजट में शामिल विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने कहा। सभी विभाग के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य को जल्द ही पूरा करने कहा।

### साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

बैठक में महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, संभाग मुख्यलायल में ऑडिटोरियम निर्माण, पीडब्ल्यूडी का कार्यालय भवन, स्कूल भवन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग का चौड़ीकरन एवं पुनर्निर्माण कार्य, मिनीमाता चौक से जेल तिराहा तक फोरलेन और दो स्थान पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण, जेल तिराहा से मिनीमाता चैक तक यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य, महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य, दुर्ग धमधा बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक दुर्ग तक फोरलेन मार्ग, बघेरा से आनंद सरोवर होते बायपास पहुंच मार्ग, केनाल रोड, धमधा बेमेतरा मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण, साइंस कॉलेज में अधूरा ऑडिटोरियम को पूर्ण करना, कृषि विभाग का भवन, न्यायालयीन कर्मचारियों के लिए आवास, सहित अन्य कार्यों पर चर्चा की गई।

## गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से निपटने 15 टैंकरों का इंतजाम

# भिलाई-चरोदा में 50 करोड़ की नई जल प्रदाय योजना, 6 टंकियां बनेंगी, बिछेंगी पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में गर्मी आते ही पानी की समस्या फिर सिर उठाने लगती है। हर साल की तरह इस बार भी कई वार्डों में पानी का संकट गहराने की आशंका है, जिसे देखते हुए नगर निगम ने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम प्रशासन ने पानी की समस्या से निपटने के लिए करोड़ों रुपए की योजना तैयार की है। इसके तहत एक ओर जहां वार्डों में टैंकर के जरिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, वहीं स्थायी समाधान के लिए ओवरहेड पानी टंकियों का निर्माण भी प्रस्तावित है। पानी समस्या से राहत दिलाने 15 टैंकरों का इंतजाम किया गया है। वहीं 6 करोड़ रुपए से 6 नई टंकियां, 50 करोड़ की जल प्रदाय योजना और 7.16 करोड़ से पाइपलाइन-नलकूप विस्तार पर काम किया जाना है।

निगम क्षेत्र के कुल 40 वार्डों में गर्मी के दौरान पानी की किल्लत सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। कई इलाकों में जलस्तर गिरने और पाइपलाइन व्यवस्था कमजोर होने के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। ऐसे में लोगों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने करीब 15 पानी टैंकरों के लिए टेंडर जारी किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित वार्डों में नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जा सके। इसके साथ ही पाइपलाइन विस्तार का काम भी तेजी से किया जा रहा है। जिन इलाकों में अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है या जहां पुरानी लाइनें जर्जर हो चुकी हैं, वहां नई पाइपलाइन बिछाने की योजना पर काम चल रहा है। नगर निगम का दावा है कि इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद आने वाले समय में पानी की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी। हालांकि हर साल बनने वाली योजनाओं के बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति कितनी सुधरेगी, यह आने वाला वक्त ही तय करेगा। फिलहाल, गर्मी की दस्तक के साथ ही लोगों की नजरें निगम की इन तैयारियों पर टिकी हैं।

## भिलाई-चरोदा निगम के 40 वार्डों में पानी पहुंचाने की नए सिरे से कवायद



विश्वबैंक कॉलोनी बनी नई ओवरहेड टंकी

### संधारण से लेकर विस्तार तक करोड़ों का प्लान

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए इस बार अलग-अलग स्तर पर काम करने की योजना तैयार की गई है। नगर निगम द्वारा हैंडपंप, पाइपलाइन और पावर पंप के संधारण से लेकर नए नलकूप खनन और पाइपलाइन विस्तार तक के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे। विभागीय जानकारी के अनुसार, पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 1 करोड़ 57 लाख 50 हजार रुपए की राशि से हैंडपंप, पाइपलाइन और पावर पंप का संधारण कार्य कराया जाएगा। इसका उद्देश्य खराब पड़े संसाधनों को सुधारकर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है।



### 50 करोड़ से जल प्रदाय योजना का किया जा रहा विस्तार

विभागीय जानकारी के अनुसार भिलाई-चरोदा निगम अंतर्गत करीब 13 ओवरहेड पानी टंकी है। दो नई टंकी का निर्माण अकलोरडीह और विश्वबैंक कॉलोनी में किया गया है। 6 करोड़ रुपए से वार्ड-1 ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, वार्ड-19 पदुम नगर/पंचशील नगर, वार्ड-32 देवबलौदा, वार्ड-4 जरवाय, वार्ड-24, आदर्श नगर चरोदा, वार्ड-37 सिरसाभाठा उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कराया जाना है। नगर के जल प्रदाय व्यवस्था को सुद्ध करने के लिए मोरिद जलाशय में नवीन इन्टेक वेल का निर्माण कर उरला फिल्टर प्लांट से नवीन पाईप लाईन के माध्यम से जोड़कर जल प्रदाय योजना के विस्तारीकरण के लिए 50 करोड़ रुपए से काम होगा।

### 7 करोड़ 16 लाख रुपए से नलकूप खनन को मंजूरी

आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नए नलकूपों का खनन और पावर पंप की स्थापना की जाएगी। इससे उन इलाकों में राहत मिलने की उम्मीद है, जहां अब तक पानी की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा, 4 करोड़ रुपए की लागत से पाइपलाइन का विस्तारीकरण और नवीनीकरण किया जाएगा। कई वार्डों में पुरानी और जर्जर पाइपलाइन को बदलने के साथ-साथ नए क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा, जिससे पानी की सप्लाई और बेहतर हो सके। इसी कड़ी में 15वें वित्त आयोग मद के तहत 1 करोड़ 14 लाख रुपए की राशि से डब्लूआईपी और इन्टेकवेल के निर्माण, संचालन और संधारण का कार्य भी किया जाएगा।

### टैंकर सप्लाई और नई टंकियों से मिलेगी राहत

शहरवासियों को पानी जैसी मूलभूत समस्या से राहत देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पानी सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए टैंकरों का टेंडर जारी कर दिया गया है। जिन वार्डों में पानी की किल्लत होगी, वहां जरूरत के अनुसार टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी न हो। दीर्घकालीन समाधान के लिए ओवरहेड पानी टंकियों के निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। **-डीएस राजूपत,** निगम आयुक्त, भिलाई-चरोदा

## काम में देरी पर ब्लैक लिस्टेड होंगे ठेकेदार, वर्क ऑर्डर मिलते ही शुरू करना होगा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में होने वाले कामों की गुणवत्ता को लेकर महापौर अल्का बाघमार सख्त हो गई हैं। उन्होंने बुधवार को कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने कहा कि हर कार्य एजेंसी को निर्देशित किया जाए कि वर्क ऑर्डर मिलते ही काम शुरू कराया जाए। बिना किसी यथोचित कारण के यदि काम में देरी होती है, तो एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया जाए। काम में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई के निर्देश महापौर ने दिए।

■ पेवर ब्लॉक के कामों में धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी

बैठक में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्रकार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, कार्यपालन अधिकारी विनीता वर्मा, ईई मो. सिद्दीकी, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढबाले, करण यादव, पंकज साहू, हरिशंकर साहू, अर्पणा मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। बैठक के दौरान शहर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।महापौर अलका बाघमार ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने कहा कि कई मामलों में वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद भी कार्य शुरू करने में अनावश्यक देरी हो रही है, जो कि गंभीर लापरवाही है। इस प्रकार की स्थिति को तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए गए।बैठक में महापौर ने अधिकारियों को ठेकेदारों के प्रति सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार कार्य में ढिलाई बरत रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अधिकारी ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर भी महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही कार्य पूर्ण होने के बाद भूमिपूजन, शिलान्यास पट्टिका नहीं लगाने पर भी जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर का समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# कबड्डी मैदान में नई पानी की टंकी बनाने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गया नगर, मठपारा वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल हुई है। नगर निगम महापौर अलका बाघमार के निर्देश और जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की सक्रियता से पानी टंकी निर्माण में आ रही भूमि संबंधी बाधा दूर कर ली गई है। जमीन सीमांकन के बाद गया बाई स्कूल के सामने स्थित कबड्डी मैदान की शासकीय भूमि पर नई पानी टंकी निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम द्वारा पहले बघेरा मोड़ डोंगिया बांधा तालाब के पास लगभग 2 करोड़ की लागत से 15 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन तकनीकी जांच में उक्त स्थल को जल भूमि व उपयुक्त नहीं पाए जाने के कारण स्वीकृत स्थल को खारिज कर दिया गया इससे टंकी निर्माण को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी और स्थानीय लोगो में भी नाराजगी हो रही थी।

■ जलकार्य प्रभारी की मौजूदगी में अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण



मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने समाधान निकालने के निर्देश दिए थे। निगम अधिकारियों को वैकल्पिक शासकीय भूमि की तलाश कर पटवारी प्रतिवेदन और सीमांकन कराने के निर्देश दिए। इसके तहत गया बाई स्कूल के सामने वार्ड क्रमांक 3 और 4 की सीमा पर स्थित कबड्डी मैदान की शासकीय भूमि का सीमांकन किया गया, जिसमें खसरा नंबर 808 को टंकी निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया। सीमांकन के दौरान जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उप अभियंता विनोद मांझी सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएम आशा योजना में अब 20 तक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी शुरू कर दी गई है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहन एवं तिलहन उत्पादक किसानों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है। शासन ने पंजीयन की सीमा 20 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। खरीफ वर्ष 2025-26 की फसलों अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफल्ली एवं रबी वर्ष 2025-26 की फसलों चना, मसूर एवं सरसों के लिए किसान 20 अप्रैल तक समितियों के माध्यम से अपना पंजीयन करवा सकेंगे।

## एबीवीपी ने नक्सलवाद के विरोध में निकाली शव यात्रा




दुर्ग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी जिला दुर्ग द्वारा नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के समर्थन में कार्यक्रम किया गया। इस दौरान नक्सलवाद के विरोध में युवाओं द्वारा प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। नगर मंत्री आकाश कुमार साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने के संकल्प के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। नक्सलवाद प्रदेश के विकास और शांति में सबसे बड़ी बाधा है, जिसके खिलाफ युवाओं को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सुनी शिकायतें

# धमधा नाका व रायपुर नाका अंडरब्रिज के मेंटेनेंस की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 140 आवेदन प्राप्त हुए।

■ जनदर्शन में मिले 140 आवेदन

इसी कड़ी में जुनवानी-खम्हरिया मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित वार्ड क्रमांक 1 के निवासियों ने पुनर्व्यवस्थापन की मांग की। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जुनवानी खम्हरिया नगर होते हुए आईआईटी भिलाई पहुंच मार्ग के दोनों तरफ प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से करीब 50 वर्षों से रह रहे कई मकान और दुकान प्रभावित होंगे। रहवासियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कराकर कब्जा खाली कराकर निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को कार्यवाही करने को कहा।



### कोलिहापुरी के खेतों में पानी निकासी की समस्या

कोलिहापुरी के किसानों ने खेतों से पानी निकासी की समस्या के समाधान कराने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि कोलिहापुरी गांव में वालफोर्ट मंगलम सिटी का निर्माण होने के कारण बॉड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कारण किसानों के खेतों में बारिश का पानी निकासी नही हो पा रहा है। लगभग 100 किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। किसानों ने पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने निरीक्षण कर तहसीलदार दुर्ग को कार्यवाही करने कहा। वृंदा नगर बोरसी में वार्डवासियों ने नाले के गंदे पानी के तालाब में सीधे जाने की समस्या को लेकर कार्यवाही करने की मांग की।

### स्ट्रीट लाइन और सड़क सीमेंटीकरण को लेकर भी आवेदन

धमधा नाका अंडरब्रिज और सिंधिया नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व सड़क सीमेंटिकरण की मांग की। अधिवक्ता अनिल जायसवाल ने इसकी मांग की। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि अंडरब्रिज में रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है, वहीं सड़क की खराब स्थिति से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने एनएचएआई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उतई क्षेत्र के द्रोणाचार्य विद्यालय परिसर में अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की गई। स्कूल के पंद्रह-बीस पान ठेले, मटेरियल सप्लायर ऑफिस और मुर्गी दुकानें परिसर में संचालित हैं, जिससे छात्र और महिला शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पान ठेलों में नशीले गुटखे तम्बाखू खुले आम बिक रहा है इससे हमारी भावी पीढ़ी पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

# भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में 61 लाख के कार्यों को मंजूरी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नपानि भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से भिलाई नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय खुर्सीपार में पेयजल हेतु वाटर कूलर लगाने के लिए 1 लाख स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड 42 गौतम नगर खुर्सीपार में डोमशेड निर्माण हेतु 10 लाख तथा इसी वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य के लिए 10 लाख की स्वीकृति दी गई है। वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर में नारद मुनि के घर से बड़े नाले तक नाली निर्माण हेतु 10 लाख तथा प्रजापति फैंसी स्टोर से बालाजी टेलर तक सीमेंटीकरण कार्य के लिए 10 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, वार्ड क्रमांक 58 सर्वेश्वर धाम मंदिर के सामने मंच व शेड निर्माण हेतु 9.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 41 छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के अंतर्गत राजू नगर में डोमशेड सहित मंच निर्माण हेतु 7 लाख रुपए स्वीकृत की गई है।

## खबर संक्षेप



### एचपीवी टीकाकरण शुरू

**उतई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में बीएमओ निकुम डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दुर्गेश कुमार वर्मा की देखरेख में एच पी वी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उतई के समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे। अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू स्वास्थ्य, नपं उतई के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मी नारायण साहू के हाथों हितग्राही को एच पी वी टीकाकरण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों में रामटेके, पर्यवेक्षक मुकेश कुमार मेश्राम, धनेश्वरी साहू, लेख कुमारी साहू, फरजाना सुल्ताना, मितानिन उपस्थित रहे।

### मनाया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस सोमवार 6 अप्रैल को अल्पसंख्यक मोर्चा, जामुल मंडल की ओर से वार्ड -1 मठपारा जामुल में शरबत वितरण कर बडे धूमधाम से मनाया गया l कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किए l नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर,प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कफीलुद्दीन, पूर्व उपाध्यक्ष नपाप हरीश वर्मा, पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा युवा मोर्चा पूर्व महामंत्री दिलीप साहू पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा मंडल दुर्योधन साहू ,पूर्व मंडल महामंत्री मनीष साहू के विशेष आतिथ्य में एवं जिला अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री मीर अली तथा अल्पसंख्यक मोर्चा, जामुल मंडल अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से अब्दुल राजिक अली, यूनुस सिद्दीकी, अब्दुल परवेज़, ताहिर खान, रहीम, इरशाद सिद्दीकी, अख्तर भाई, हैदर, हलीम, नईम खान, नूर मोहम्मद, बाबूलाल भाई, सज्जाद अली, सद्दाम अली, खलील अली, अख्तर अली, करीम, एम डी ताहिर खान, ताहिर भाई, वाजिद, एजाज अली, रिजवान, सलमान, साजिद अली और रहमत अली आदि उपस्थित थे।

## निधन

### बृजेश विश्वकर्मा

**भिलाई।** दुर्गा समिति बोरिया मार्केट सेक्टर 4 के सदस्य एवं छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिकल के संचालक एमपी विश्वकर्मा के छोटे पुत्र बृजेश विश्वकर्मा (राजू) का निधन हृदय घात के कारण हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 8 अप्रैल को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।



### राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर लाला हॉउस एमआईजी-42 निवासी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अप्रैल गुरुवार को सुबह 9 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वास्तिक इंडस्ट्रियल एंड के डायरेक्टर और साईं मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह के सदस्य थे। उनके निधन पर मंदिर समिति के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।



### पातनू सेसम्मा

**भिलाई।** अक्कूपल्ली ग्राम निवासी 80 वर्षीय पातनू सेसम्मा पति स्व. पातनू तम्मा राव का निधन 8 अप्रैल को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सड़क-16, सेक्टर-2 भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे पातनू राजू की मां थी।



# कर्मा जयंती महोत्सव में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश, बताई सामाजिक जिम्मेदारी

## शराब त्यागने वाले सनत राम साहू का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

कर्मा जयंती महोत्सव के अवसर पर ईकाई साहू समाज करसा द्वारा समाज में जागरुकता फैलाने के लिए एक प्रेरणादायक पहल की गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया, जिससे उपस्थित लोगों को सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराया गया।

इस दौरान समाज के सनत राम साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने शराब का त्याग कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस निर्णय की सभी ने सराहना करते हुए इसे अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय बताया। साथ ही पूर्व के पदाधिकारी एवं वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्या कलिहारी महिला संयोजिका प्रदेश साहू संघ ने कहा कि आज के बदलते दौर में जहां आधुनिकता तेजी से बढ़ रही है, वहीं हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी संजोकर रखना है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी असली ताकत हमारे संस्कार ही हैं, जो हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाते हैं। हम सब मिलकर ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां संस्कार, सम्मान और सहयोग की भावना सर्वोपरि हो। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने कहा हम स्वयं ही अपने बच्चों को संस्कारों से वंचित कर रहे हैं। पहले जहां नामकरण संस्कार, छट्टी जैसे पारंपरिक आयोजन पूरे विधि-विधान से होते थे, वहीं अब ये परंपराएं धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं। विवाह जैसे पवित्र संस्कार में भी 'गोधूलि बेला' का उल्लेख तो किया जाता है, लेकिन वास्तविकता में विवाह देर रात तक संपन्न होता है, जो हमारी परंपराओं के विपरीत है। इन परिस्थितियों के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं और हमें मिलकर इन कुरीतियों को दूर करना होगा। समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर अपनी परंपराओं और संस्कारों को पुनः जीवित करने का प्रयास करना चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ी को सही दिशा मिल पाएगी। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम राजेश चंद्राकर ने कहा नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, संगठन सचिव अर्जुन साहू, दुर्वासा साहू, खेमीन साहू, तनुजा साहू, रवि साहू, ललित भास्कर साहू, रघुनाथ साहू, रुक्मणि साहू आदि उपस्थित थे।

## मछली पालन की आड़, बिना लीज उत्खनन से करोड़ों के राजस्व पर चोट

# राजपुर में अवैध खनन का चल रहा बड़ा खेल, नियमों को ठेंगा, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में पत्थर खनन को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। क्षेत्र में पत्थर की प्रचुर उपलब्धता का फायदा उठाते हुए कई स्थानों पर अवैध खनन, बिना लीज संचालन और अवैध भंडारण का संगठित खेल चलने की आशंका जताई जा रही है। इसके चलते जिला प्रशासन दुर्ग और खनिज विभाग को भारी राजस्व नुकसान होने की बात सामने आ रही है।

स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह आरोप लगते रहे हैं कि कई खदानों का संचालन बिना वैध लीज के किया जा रहा है, जबकि कुछ संचालक कागज़ों में लीज होने का दावा करते हैं। जमीनी स्थिति को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि कौन सी खदान वैध है और कौन अवैध।

स्थिति को और संदिग्ध बनाता है यह तथ्य कि कुछ स्थानों पर मछली पालन (फिशरी) के नाम पर लीज होने की चर्चा है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार वहां पत्थर उत्खनन जैसी गतिविधियां भी देखी जा रही हैं। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पूरे मामले की सच्चाई केवल निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

खनन कार्य में नियमों की अनदेखी के भी आरोप हैं। खनिज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार गौण खनिजों के उत्खनन में सामान्यतः लगभग 6 मीटर तक की गहराई सीमा निर्धारित होती है तथा इससे अधिक गहराई के लिए विशेष अनुमति आवश्यक होती है। साथ ही ढलान, सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य होता है। इसके विपरीत, स्थानीय स्तर पर यह आरोप है कि कई स्थानों पर निर्धारित सीमा से अधिक गहराई तक खनन किया जा रहा है, जिससे हादसों की आशंका भी बढ़ गई है।

### कागजों में लीज का दावा, भ्रम की स्थिति बनी हुई





### स्पष्ट प्रावधान है छत्तीसगढ़ में खदान संचालन के लिए

बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक है और तय रॉयल्टी शासन को जमा करना अनिवार्य होता है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान भी है। इसके बावजूद राजपुर क्षेत्र में कई जगहों पर पत्थरों का अवैध भंडारण किए जाने की जानकारी सामने आई है, जिन्हें बाद में बाजार में बेचा जाता है। इससे शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व का नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से यह गतिविधियां जारी है लेकिन अब तक खनिज विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि कहां वैध खनन हो रहा है, कहां अवैध गतिविधियां चल रही हैं और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन जिम्मेदार हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है या फिर अवैध खनन का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## अंचल की खबरें

### खपरी-सिलोदा में विकास कार्यों की सौगात



**दुर्ग।** विधायक ललित चन्द्राकर ने ग्राम खपरी-सिलोदा में 31. 20 लाख रुपए का लोकार्पण और भूमिपूजन कर जनता को समर्पित किया। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन कार्यों के तहत सीसी रोड निर्माण 5 लाख रुपए, खपरी-सिलोदा पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण 6.50 लाख, अमरनाथ निषाद के घर से राजकुमार के घर तक सीसी रोड निर्माण 4.50 लाख रुपए, मुक्तिधाम पहुंच मार्ग 5.20 लाख रुपए और विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण लागत 10 लाख रुपए हैं। विधायक ललित चंद्राकर कहा कि विकास की यह निरंतर यात्रा जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए हम हर गांव, हर घर तक पक्की सड़क, नाली और मूलभूत सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। खपरी-सिलोदा में लोकार्पित मार्गों से आवागमन सुगम होगा और स्कूली बच्चों, किसानों व बुजुर्गों को राहत मिलेगी। इस दौरान दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, जनपद सदस्य नंद कुमार साहू, सरपंच अनुसुइया साहूए अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जामुल में स्कूल बाउंड्रीवॉल का काम शुरू



**जामुल।** सुरडुंग हाई स्कूल में बीस लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि अन्य विकास कार्यों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करना है। इस बाउन्ड्रीवाल के बनने से विद्यालय भवन सुरक्षित रहेगा। साथ ही विद्यालय परिसर में खेल कूद सहित सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी संरक्षित होगा। विद्यालय के छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ ही कला, खेल, शारिरीक दक्षता को बनाये रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षित स्थल मिलेगा। इस दौरान पार्षद अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, स्कूल के प्राचार्य जगदीश राम दिल्लीवार, रमेश कुमार साहू, अनिल कुमार चौधरी, भारतीय प्रकाश, रेणु मिश्रा, उमा वर्मा, अंजली कसार आदि उपस्थित थे।

### रिसामा के भाई-बहन का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन

**भिलाई।** अभ्यास ही गुरु है के सिद्धांत पर ग्राम रिसामा के भाई-बहन ने छत्तीसगढ़ पुलिस बल में नियुक्ति पाई है। खोमलाल पटेल 2012 में और उनकी बहन गुणेश्वरी पटेल 2016 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मतवारी से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण किए। पहले खोमलाल पटेल 2016 में छत्तीसगढ़ पुलिस जिला कांकेर में चयनित हुए। जो वर्तमान में चारामा में पदस्थ है। भाई के पदचिन्हों पर चलते हुए बहन गुणेश्वरी पटेल भी लगातार प्रयास करती रही। उनका यह लगातार प्रयास एक दिन सार्थक हुआ और आज वह भी बालोद जिला पुलिस बल के लिए चयनित हो चुकी है। माता मीना पटेल और पिता डोमन पटेल के लिए बड़े गर्व का विषय है।





### सेलूद में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ - शिव महापुराण कथा आज से

**सेलूद।** गायत्री परिवार की माताजी की जन्म शताब्दी समारोह प्रयाज अभियान के अन्तर्गत 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा बाजार चौक सेलूद में होगा। कथा व्यासपीठ पर आचार्य महादेव रायपुर (बंजारी) वाले विराजित होंगे। कार्यक्रम में 9 अप्रैल गुरुवार को अपराह्न 3 बजे से कलश यात्रा, संध्या 5 बजे संगीत एवं प्रवचन 10 अप्रैल शुक्रवार से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा।

### प्रांतीय अधिवेशन में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों का सम्मान



**उतई।** छत्तीसगढ़ यादव (ठेठवार) समाज महासभा का प्रांतीय अधिवेशन मुख्यालय राजिम में हुआ। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोमशंकर यादव और रोशन यदु सहित विभिन्न क्षेत्रों कार्य करने वाले समाज के अन्य प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द यादव के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ने की। इस मौके पर सामाजिक विकास एवं गतिविधियों को लेकर नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, डॉ एस के यदु, संतोष यादव, पूर्व प्रांताध्यक्ष राजू यादव, कोमल यदु, प्रहलाद यदु ,हरीश यादव और संतोष यादव सहित समाज के अन्य प्रबुद्ध लोगों ने भी अपनी बात रखी।

## बिजनेस साइट

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने चलाया जागरुकता अभियान



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई के विद्यार्थियों ने जिला चिकित्सालय दुर्ग और लाल बहादुर शास्त्री सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई में प्राचार्या डॉ. अमनदीप कौर के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन समुदाय के बीच स्वस्थ्य जीवन शैली, नियमित जांच और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़वा देना है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग विभाग के शिक्षक आशीष गवांडे, सिमरन ठाकुर, देविका सिन्हा, कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग के भूपेश कुमार, संगीता बाला मसीह और वृदावती पटेल उपस्थित थे। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों पोस्टर, रंगोली, सेमिनार का आयोजन किया गया जिनमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. अमनदीप कौर, उप प्राचार्या डॉ. अश्वदी पिल्लाई, सह प्राध्यापक स्वीटी आदित्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### जीटी डायग्नोस्टिक 3 टेस्ला एमआरआई की आधुनिक तकनीक व स्वास्थ्य पैकेज



**भिलाई।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जीटी डायग्नोस्टिक आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों के साथ सटीक और विश्वसनीय जांच सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां उपलब्ध एडवांस्ड 3 टेस्ला एमआरआई जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मरीजों को बेहतर और समय पर सही निदान सुनिश्चित करती हैं। जीटी डायग्नोस्टिक द्वारा विभिन्न आयु वर्ग और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किफायती, कम दरों पर और व्यापक हेल्थ पैकेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें फुल बॉडी चेकअप, डायबिटीज और हार्ट प्रोफाइल, महिला स्वास्थ्य पैकेज, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष पैकेज शामिल हैं। ये पैकेज न केवल बीमारियों की समय पर पहचान में मदद करते हैं, बल्कि आपको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। आधुनिक तकनीक जैसे 3 टेस्ला एमआरआई और नियमित हेल्थ चेकअप के माध्यम से हम कई गंभीर बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही पहचान सकते हैं। सही समय पर सही जांच ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। 3 टेस्ला एमआरआई पारंपरिक एमआरआई की तुलना में कहीं अधिक उन्नत और प्रभावी है। 3 टेस्ला एमआरआई एक हाई-पावर इमेजिंग तकनीक है, जिसमें चुंबकीय शक्ति सामान्य (1.5 टेस्ला) एमआरआई से दोगुनी होती है। इसका मतलब है कि शरीर के अंदरूनी अंगों की तस्वीरें अधिक स्पष्ट और विस्तृत रूप में प्राप्त होती हैं।

### चौहान ऑटोमोबाइल ने किया ई-विटारा का लॉन्च




**भिलाई।** चौहान ऑटोमोबाइल द्वारा होटल इम्पेरियन में ई-विटारा का पुनः लॉन्च किया गया। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें ग्राहक, ऑटोमोबाइल प्रेमी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टेस्ट ड्राइव सेशन रहा, जिसमें 70 से अधिक लोगों ने ई-विटारा की टेस्ट ड्राइव ली और वाहन के फीचर्स एवं परफॉर्मेंस का अनुभव किया। ग्राहकों की ओर से इस आयोजन को लेकर बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। सभी ने वाहन के साथ-साथ आयोजन की भी जमकर सराहना की।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603101600028**

**मामले की श्रेणीः-राजस्व**

विषयः-अ-6 अ सनः- 2025-2026

कुम्हारी प.ह.न. 00012 [311/109(0.0030 हे.) ]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार बी. कल्याणी, अनावेदक पक्षकार-सोनम श्रीवास्तव,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बी. कल्याणी पति-स्व.बी. कुमार स्वामी एवं अन्य दो द्वारा ग्राम कुम्हारी, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील-भिलाई 03 जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 311/109 रकबा 0.10 एकड़ 0.040 हे. भूमि दर्ज जो वर्तमान आनलाईन रिकार्ड में सोनम श्रीवास्तव पति शरदकिशोर श्रीवास्तव प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

उक्त त्रुटि को सुधार कर आवेदिका अपना एवं अन्य 02 का नाम दर्ज कराने बावत आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/ अभिकर्ता के माध्यम से लिखित रूप नियत दिनांक 17/4/2026 तक इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

(मुहर) भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक उतई, तहसील - दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

दिनांक-06/04/2026

विषय :- बंदोबस्त त्रुटि सुधार/सीमांकन / स्थल निरीक्षण हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अति. तहसीलदार/नायब तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 554 ...वाचक / तह. 2026/दिनांक 22/01/2026 के परिपालन में आवेदक श्री रामसिंह गुरूनाम सिंह निवासी रिसाली (भिलाई)द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई, तह.व जिला दुर्ग, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 226/1 रकबा 0.5700 हे... न्यायालय में बंदोबस्त त्रुटि सुधार/सीमांकन/स्थल निरीक्षण हेतु ज्ञापन प्राप्त हुआ है। न्याया. अति. तहसीलदार/नायब तहसीलदार दुर्ग के प्र. क्रमांक 554...वाचक / तह. 2026/ दिनांक 22/01/2026 के परिपालन में दिनांक 09/04/2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे स्थल में उपस्थित होकर आवेदित भूमि का जांच किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वाद भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज जैसे रजिस्ट्री बैनामा, ले-आउट, किसान किताब, बन्दोबस्त के पूर्व के अभिलेख, बी-1, नक्शा, खसरा सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

हस्ताक्षर

राजस्व निरीक्षक

उतई तह. व जिला दुर्ग



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध

श्रीमति वैदेही शर्मा

माँ कामख्या उपासक

फीस 251/-

श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851

पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग

समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक




DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा

लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### घुघसीडीह में विकास कार्यों का हस्तांतरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत घुघसीडीह में कला मंच, बोरवेल की खुदाई एवं हैंडपंप निर्माण कार्यों के पूर्ण होने उपरांत दिनांक 07 अप्रैल 2026 को हस्तांतरण कार्यक्रम हुआ। सरपंच ललिता बारले को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे व विशिष्ठ अतिथि उप प्रबंधक केके वर्मा थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत घुघसीडीह में आगे भी आवश्यकतानुसार विकासात्मक कार्यों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच गोवर्धन ने किया।

### एसएमएस-3 में सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला–3 (एसएमएस–3) में सुरक्षा ही सर्वोपरि" सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा थे। कार्मिकों को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। श्री बैठा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता बनाए रखते हुए सुरक्षा के प्रति सतत सजग एवं प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। बीआई एसपीओसी डी विजित ने कहा कि कार्यक्रण का उद्देश्य कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना है। महाप्रबंधक पी सतपथी, एसके मिश्रा, पीके अग्रवाल तथा डीके वार्ष्णेय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जयश्री ने किया।

# टाउनशिप में सैकड़ों लीजधारी जर्जर आवासों में रहने हो रहे मजबूर

## कई खंडहर ब्लॉकों में रहते हैं अकेले, अलाटियों को नहीं मिल रहे बेहतर आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई टाउनशिप में सैकड़ों लीजधारियों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। कई सेक्टरों में जर्जर आवासीय ब्लाकों के बीच रह रहे रहवासियों को अब तक अन्यत्र मकान अलाट नहीं किए जाने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कई रहवासियों को खंडहर ब्लाक में रहने के साथ कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा हाउस लीज योजना के तहत साढ़े चार हजार बीएसपी क्वार्टर संयंत्र कर्मियों व सेवानिवृत्तों को अलाट किए गए थे। योजना के तहत वर्ष 2000 - 02 तक अलाटियों ने एकमुश्त राशि देकर मकान लीज पर लिए थे। इनमें कई लीजधारी जर्जर और अनफिट आवासों में रहने मजबूर हैं। साठ के दशक में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ ही 15 सेक्टरों में टाउनशिप भी विकसित की गई थी। पिछले 25 साल में अधिकतर सेक्टरों के आवासीय ब्लाक जर्जर हो चुके हैं। बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेक्टर 6, 7 और हास्पिटल सेक्टर आदि के तीन सौ से अधिक अनफिट ब्लाकों कई जर्जर आवासों को सुरक्षा व अवैध कब्जे की समस्या के चलते ढहा भी दिया गया है। लेकिन लीज धारियों को अभी भी जर्जर मकानों में रहने मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे सैकड़ों रहवासी प्रभावित हैं। रहवासियों ने बताया कि कई बार आवेदन देने के बाद भी अब तक अन्य सेक्टरों में बेहतर मकान अलाट नहीं किए गए हैं। इस सुरक्षा सहित कई बुनियादी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।



### सेक्टर 6 में खंडहर के बीच रहने मजबूर

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में कई रहवासी लीजधारी पिछले 25 साल से जर्जर ब्लाकों में रह रहे हैं। इनमें कई लोग तो ऐसे हैं जिनके क्वार्टर के ब्लाक पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। कई ब्लाकों को बीएसपी अनफिट भी घोषित कर दस साल पूर्व जमींदोज कर चुका है। ऐसे ब्लाकों में दोबारा कब्जा न हो, या इसके लिए इंफोर्समेंट विभाग तोड़े गए क्वार्टरों के खिड़की दरवाजे भी निकालकर ले चुका है। लेकिन ऐसे खंडहर ब्लाकों में अलाटी लीजधारी नीचे अकेला परिवार के साथ रहना रह रहा है। ऐसे सबसे ज्यादा लीजधारी सेक्टर 6 व 7 में हैं। प्रभावित रहवासियों ने बताया कि विभागीय लोग सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं, बेहतर क्वार्टर बहुत कम हैं।

## पीपी यार्ड सहित कई सड़के हैं जर्जर, ओवरलोडिंग वाहनों से दिक्कत

# भिलाई इस्पात संयंत्र में ट्रैफिक से बढ़ रही दोतरफा परेशानी और लोको में भी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या से दोतरफा परेशानी हो रही है। कई सड़कों के जर्जर होने और लोको संबंधी समस्या से कर्मचारियों को दिक्कतें हो रही हैं। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द समस्या के निदान की मांग की है।

संयंत्र के अंदर कई विभागों और यार्ड की सड़कें जर्जर हैं जिनका संधारण नही किया गया है। वहीं ओवरलोड वाहनों से भी आवागमन दुर्घटनाजन्य और शिफ्ट के दौरान जाम के हालात बनते रहते हैं। बोरिया गेट में ओवरलोड गाड़ियों से मेनगेट व दोनों ओर सड़क पर जाम लगता रहता है। सीटू यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी (ट्रैफिक विभाग) गोपीनाथ मल्लिक से मिलकर बताया कि पीपी यार्ड जाने वाली सड़क जर्जर होने से कर्मियों को वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है। सड़क के डामरीकरण के साथ प्रकाश व्यवस्था को को भी दुरुस्त किया जाए। महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया कि मई के महीने में इस रोड का निर्माण कार्य शुरू होगा। सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट को इस बारे में कह दिया गया है । इसके अलावा पीपी यार्ड, बीआरएम के पीछे और जोरातराई रोड में भी गड्ढों से परेशानी है।

### सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक से की निदान की मांग



### सीईडी में अधूरा काम

सीईडी में कई काम अधूरे होने से विभागीय कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। लोको डिपो के पास बने नए टॉयलेट यूरिनल की समस्या है। अधिकारियों ने निर्माण के समय उसे दुरुस्त करने कहा था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। महाप्रबंधक ने जल्द निदान का आश्वासन दिया। यूनियन ने संयंत्र में अब तक जिन रेस्टरुम और कैंटीनों में कूलर व एसी नहीं लगाए गए हैं, जल्द व्यवस्था की मांग की।

### डीजल भरने नहीं है प्लेटफार्म

एफटीसी एवं टीटीसी में डीजल भरने का काम लोको डिपो के पास स्थित डीजल फिलिंग स्टेशन से होता है। इसमें डीजल भरने के लिए ऊपर चढ़कर हौस पाइप को ऊपर खींचकर डीजल भरा जाता है जो कि असुरक्षित कार्य है। यूनियन ने मांग की कि यहां पर एक प्लेटफार्म बनाने की आवश्यकता है। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि जल्द ही निरीक्षण कर तय करेंगे कि सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से डीजल भरने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे।

### लोको में नहीं लगे ट्रैकिंग सिस्टम

बीएसपी में लोको आउटसोर्स पर है। करीबन 70 लोको का संचालन माल आदि ढोने के लिए होता है। कई लोको में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम नहीं लगा होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। वहीं लोको यार्ड के आसपास चारों ओर झाड़ियों के फैले होने और नोमेंस बेरियर हैं। सीटू के लोको इंजिन के मूवमेंट को जानने के लिए ट्रैकिंग सिस्टम लगाने की मांग पर महाप्रबंधक ने कहा कि अधिकांश लोको में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जा चुका है। अभी चार-पांच लोको बाकी है उसमें भी जल्द ही इस सिस्टम को लगा दिया जाएगा। इस सिस्टम के लग जाने से लोको कहां मूवमेंट कर रहा है उसे ट्रैक किया जा सकेगा।

# आप ने वार्डों की समस्याओं से आयुक्त को कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ वार्डों की बदहाली पर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड 9 से 17 के अंतर्गत व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर आयुक्त डीएस राजपूत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने चर्चा के उपरांत समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

प्रदेश सचिव व चुनाव प्रभारी देविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि वर्तमान में प्रदेशव्यापी आम आदमी पार्टी में चल रहे सदस्यता अभियान के दौरान जब कार्यकर्ता भिलाई चरोदा निगम के वार्डों में पहुंचे तो स्थानीय निवासियों ने समस्याओं का अंबार लगा दिया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भाजपा के सांसद और कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री का क्षेत्र है। भाटिया ने डबल इंजन की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार से नगर सरकार कार्य करने में विफल है जिसमें साफ सफाई, जलापूर्ति, एलइडी, नाली निर्माण, तालाबों के संधारण, सड़कों का संधारण ,पेड़ों की छटाई, उद्यानों का रखरखाव सभी में विफल रही है।

जिला महासचिव अजय रामटेके ने कहा कि वर्तमान महापौर और वार्ड पार्षदों की निषक्रियता के कारण छोटी-छोटी समस्याएं भी हल नहीं हो पा रही हैं। ब्लॉक संगठन मंत्री मंजीत कुमार ने कहा कि लगभग संपूर्ण निगम क्षेत्र का यही हाल है। वार्डवासी अपनी समस्याओं को लेकर दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि उनकी सुनने के लिए उपलब्ध नहीं है।

आप नेता मो. शमी अहमद ने आयुक्त के समक्ष वार्डों की यथास्थिति रखते हुए बताया कि सफाई व्यवस्था ठप होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया का खतरा बना हुआ है। कई स्थानों पर हैंडपंप गंदी नालियों के ऊपर स्थित हैं, जिससे संक्रमण फैलने की पूरी आशंका है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शेख इमरान ब्लॉक अध्यक्ष, मंजीत कुमार ब्लॉक संगठन मंत्री,मो. शमी कुरैशी, अजय रामटेके, देविंदर सिंह भाटिया उपस्थित थे।

# तालाबों और नालों की भिलाई निगम करवा रहा सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से तालाबों एवं बड़े-छोटे नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार जारी है।

निगम के सभी पांचों जोन क्षेत्रों में अधिकारी एवं कर्मचारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं और आवश्यकता के अनुसार सफाई कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। तालाबों की गाद निकासी, कचरा हटाने और नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था भी बेहतर हो सके। स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। निगम का लक्ष्य है कि भिलाई शहर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त करे और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।



# दुर्ग में आवारा कुत्तों का आतंक निगम की व्यवस्था पर उठाए सवाल

**दुर्ग।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रही है। विभिन्न वार्डों में लगातार कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल अलग नजर आती है। यदि वास्तव में प्रभावी कार्रवाई की गई होती, तो शहर के चौक-चौराहों और गलियों में आवारा कुत्तों के झुंड दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा कि जेवरा सिरसा में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए डॉग हाउस का भी अब कोई अस्तित्व नहीं बचा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाए गए फीडिंग जोन की भी उपेक्षा की जा रही है, जहां भोजन की समुचित व्यवस्था नगर निगम द्वारा नहीं की जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों के गले में टैग लगाया जाना चाहिए।

# स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों ने ली शपथ टीकाकरण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों ने शपथ ली। बीईटीओ सैय्यद असलम ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान नई-नई खोजों के माध्यम से नवीन तकनीक, नई दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है। मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके अध्ययन अनुभव और मरीजों के फीडबैक से भारत सरकार को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि नवीन दवाओं उनके शोध मे हम विश्व स्तर अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि शंकर सत्यार्थी ने कहा कि बीमारियों की रोकथाम बचाव व उपचार और निदान को हर स्तर पर सेवाओं के माध्यम से मजबूत करना है। सैय्यद असलम ने मरीजों व परिजनों को बताया कि भारत सरकार एचपीव्ही वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध करा रही है जो गर्भाशय कैंसर से बचाव का महत्वपूर्ण अभियान है। सभी 14 साल पूर्ण कर चुकी बेटियों को यह टीका अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना मिश्रा, एलएचव्ही आर विश्वास, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, स्टाफ नर्स गुलशन खलको, रोशन बर्मन, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर, स्मिता बागड़े, आलिया खातून, समीर रात्रे, निवेश प्रधान, चम्पाकली सोनी, मीरा साहू आदि उपस्थित थे।



# शिविर में 163 मजदूरों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजन

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज ठाकुर की नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 1 स्थित शासकीय बीज निगम प्रक्षेत्र क्षेत्र गोदाम स्थित क्षेत्र में कार्यरत मजदूर महिला पुरुष एवं छोटे बच्चों के लिए किया गया। मोबाइल हेल्थ यूनिट के माध्यम से 163 मजदूर वर्ग के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दो डॉक्टर, नर्स, लैब असिस्टेंट पैथोलॉजी और फार्मासिस्ट ने अपनी सेवाएं दी। प्रशिक्षण प्राप्त 8 बजे से लेकर दोपहर 30 बजे तक किया गया। इस दौरान समाजसेवी शीला वाघमारे, होम्योपैथिक डॉक्टर रेणु नंदूरकर, डॉ. लक्षप्रद, रोहित व्यास, बालमुकुंद झा, किशोर कनोजे, प्रशांत क्षीरसागर, बालू राम वर्मा, अनुराग पांडे, प्रफुल्ल चंद्राकर आदि मौजूद थे।

## नवनिर्मित सीमेंटीकरण रोड, सीवरेज लाइन, अवैध चर्च निर्माण सहित स्कूल का निरीक्षण

# जोन आयुक्त ने किया वार्डों का भ्रमण, रुके काम शुरू करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 अंतर्गत नवनिर्मित सीमेंटीकरण रोड, सिवरेज लाईन, अवैध चर्च निर्माण सहित स्कूल का निरीक्षण किया गया। उपस्थित अभियंताओं को अप्रारंभ कार्य शीध्र चालू कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता अपने टीम के साथ वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर नवनिर्मित सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण किये। बरसात के दिनों में बरसात का पानी रोड एवं घरों के सामने न रूके इसका विशेष ध्यान देने कहा गया है। अन्य जगहो पर चल रहे रोड निर्माण कार्य को विधिवत कराने निर्देशित किए ।



समीपस्थ मोहल्ले में बीएसपी का सिवरेज लाईन गया है, जो जाम पड़ा है, स्थानीय नागरिको ने समस्या से अवगत कराया। जोन आयुक्त ने अभियंताओं को समस्या का निराकरण कराने कहा है। केम्प-01 में क्रिशचन समाज द्वारा अवैध रूप से चर्च निर्माण किया गया है, जिसका स्थल अवलोकन किया गया। निर्माण पर रोक लगाया गया है और विधि सम्मत कार्य करने करने कहा गया है। मदर टेरेसा नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया गया है। आगामी कुछ दिनों में जनगणना का कार्य प्रारंभ होने वाला है, जिसका प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे- बैठक, साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था हेतु निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव सहित पार्षद प्रतिनिधि एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



गर्मी में चेहरे पर कौन सी क्रीम लगानी....

लाइव इवेंट

## दांतों की सेहत ही संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी, दर्द को मामूली समझकर न टालें



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्थानीय सीनियर सिटीजन क्लब में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई की प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. स्मिता श्रीवास्तव ने बुजुर्गों को संबोधित करते हुए ओरल-सिस्टमिक लिंक यानी दांतों और शरीर के संबंध पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### दांतों का संक्रमण है साइलेंट किलर



डॉ. स्मिता ने बताया कि अक्सर लोग दांत के दर्द को मामूली समझकर टाल देते हैं, लेकिन मसूड़ों का संक्रमण हृदय रोग, स्ट्रोक और बिगड़ती शुगर का बड़ा कारण बन सकता है। उन्होंने कहा मुंह केवल सेहत का प्रवेश द्वार नहीं, बल्कि बीमारियों का चौकीदार भी है। दांतों की समय पर सफाई और जांच से न केवल हृदय घात का खतरा कम होता है, बल्कि याददाश्त और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है।

### आर्थिक समझदारी- छोटी बचत या बड़ा खर्चा

बुजुर्गो के संबोधित करते हुए उन्होंने एक व्यावहारिक उदाहरण देते हुए बताया कि 1000 की मामूली फिलिंग को टालने से भविष्य में 10,000 से अधिक का खर्च आरसीटी या इम्प्लांट और असहनीय दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने प्रिवेंटिव डेंटल केयर को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए अपने द्वारा पीएमओ को भेजे गए प्रस्ताव के बारे में भी जानकारी दी।

### समाज सेवा की बड़ी घोषणाएं

डॉ. स्मिता ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। जिसके अंतर्गत निशुल्क सेवा हर गुरुवार सुबह 11 से 12 बजे तक सियान सदन में बुजुर्गों की निशुल्क जांच की जायेगी। कार्यक्रम में अंजना श्रीवास्तव, पी.के. श्रीवास्तव, क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित दो सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मिलेट्स का संदेश- शंकराचार्य महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

# मिलेट्स का जाना महत्व, जौ की रोटी खिलाकर मोटे अनाज को दैनिक आहार में शामिल करने की दी सलाह



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्थानों में आयोजित किया गया। इस दौरान लोगो को मोटे अनाज मिलेट्स के महत्व, मानसिक स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन जैसे समसामयिक विषयों पर जागरूक किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ की स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के लिए किया गया।

इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने विद्यार्थियों को मिलेट्स के सेवन के लिए प्रेरित करते हुए जौ के आटे की रोटी खिलाई और मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ज्वार हृदय को स्वस्थ रखता है और मोटापा कम करता है, वहीं कोदो और जौ शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में सहायक हैं। मिलेट्स से बने आहार से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और शरीर को आवश्यक पोषण मिलता है।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा ने बताया कि संस्थान में मिलेट्स लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जो छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली पहल है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को मोटे अनाज के महत्व और उनके उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स का उत्पादन कम पानी में संभव है, जो वर्तमान जल संकट के दौर में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. श्रद्धा मिश्रा, मंजू मिश्रा, डॉ. नीता शर्मा, रचना तिवारी, वैभवी सहारे, मानसी बुट्टे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यक्रम



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन स्वास्थ्य विभाग बीएसपी द्वारा महात्मा गाँधी कलामंदिर, में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, प्रदूषण नियंत्रण मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी अनीता सावंत, सेफी चेयरमैन एनके बंछोड़, महाप्रबंधक शाहिद अहमद, आरके साहू, डॉ. नवीन कुमार जैन, एमके साहू, केके यादव तथा सौमिक डे उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन में एबी श्रीनिवास ने दिया। अनीता सावंत ने सफाई कर्मियों के प्रयासों से स्वच्छता का वातावरण संभव होता है।मुख्य अतिथि ने कहा कि कहा कि सफाई कर्मियों के अथक प्रयासों से हमारे अस्पतालों पर उपचार का बोझ घटता है। उन्होंने सभी को नशा छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। विभागाध्यक्ष श्री यादव ने विभागीय प्रतिवेदन पढ़ा। बताई। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा 42 उत्कृष्ट सफाई मित्रों को उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने भी संबोधित किया।

### लघु फिल्म से किया जागरुक

इस अवसर पर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं डेंगू जागरूकता पर निर्मित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। महा प्रबंधक आरके गर्ग, उप महा प्रबंधक रवि कुमार फुले, एजीएम विनोद भोंदेकर, सहायक महा प्रबंधक रेमी थॉमस, पीएल साहू, विनोद भोंडेकर, मृदुल गुप्ता, मुकुंददास मानिकपुरी देवानंद चौहान, स्वास्थ्य निरीक्षक नागराजू, सरतदीप, सुभाष चंद महाराणा, विश्वनाथ देवांगन आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य व विधिक जागरुकता शिविर के जरिए घर-घर पहुंची अधिकारों की जानकारी

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दुर्ग, पाटन, भिलाई-3 एवं धमधा क्षेत्र के पैरालीगल वॉलंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर स्वास्थ्य और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। शिविर के दौरान पैरालीगल वॉलंटियर्स की टीमों ने स्वास्थ्य केंद्रों, गांवों, शहरों, स्कूलों, कॉलेजों और मोहल्लों में घर-घर जाकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्त जीवन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।




इसके साथ ही आमजन को निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा, विधिक सहायता और विभिन्न विधिक परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग की यह पहल समाज में स्वास्थ्य और विधिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास साबित हुई। शिविर में एनडीपीएस एक्ट, छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, घरेलू हिंसा, महिला अधिकार, बाल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम की खास बात यह रही कि आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य व विधिक विषयों पर खुलकर संवाद किया। शिविर के माध्यम से स्वस्थ जीवन और न्यायपूर्ण समाज, एक सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं का संदेश दिया गया।

## 3 से लेकर 25 साल के युवा ले रहे कराटे प्रशिक्षण, बॉक्सिंग के लिए जल्द पंचिंग बैग भी

**भिलाई।** बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोहका स्थित बीरा के अंगना में निशुल्क कराटे का प्रशिक्षण दिया शाम साढ़े 4 बजे से लेकर साढ़े 6 बजे तक दिया जा रहा है। जिसमें लगभग 450 बच्चों ने पंजीयन कराया हैं और एक बार में 100 बच्चे को प्रशिक्षित किया जा रहे है। जहां 3 साल से लेकर 25 साल के बच्चे उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षक अंजना राजवीर सिंह द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सहित गुड टच और बेड टच का भी सिखाया जा रहा है। सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सबसे पहले आप लोगों को स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ शरीर और आत्मा में ईश्वर का वास होता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहते हुए विभिन्न खेलों और जीवन में आगे बढ़ने का नशा अपनाने की बाते कही।



लाइव इवेंट

## संस्कृत की परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों का होगा सम्मान





**भिलाई।** संस्कृत भाषा एवं संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से संस्कृत मित्र मंडल द्वारा विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक संस्कृत शिक्षक उपस्थित रहे। मंच पर संस्थाध्यक्ष आभा चौरसिया, उपाध्यक्ष अनुपमा उपाध्याय एवं सेवानिवृत्त संस्कृत शिक्षिका रेखा पंड्या सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण देते हुए आभा चौरसिया ने बताया कि संस्कृत मित्र मंडल शहर में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। महासचिव डॉ. अजय आर्य ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अगस्त माह को संस्कृत माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, पोस्टर मेकिंग तथा संस्कृत समूह गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष सीबीएसई परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था। इस वर्ष कार्यक्रम को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर 35 वर्षों से अधिक समय तक शिक्षण सेवा देने वाली सेवानिवृत्त संस्कृत शिक्षिका रेखा पंड्या का अभिनंदन किया गया। उन्हें दिल्ली की अध्यात्म पथ पत्रिका की ओर से आर्य महिला गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में डीपीएस दुर्ग, केपीएस, सुंदर नगर, नेहरू नगर, एमजीएम, डीएवी हुडको, डीपीएस रिसाली, हेरिटेज, विश्वदीप, ज्योति पब्लिक स्कूल चरोदा, शंकरा, सेक्टर 10, बीएसपी, सेक्टर 10, रूंगटा पब्लिक स्कूल डीपीएस दुर्ग, केंद्रीय विद्यालय के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

शिल्पग्राम के कलाकारों की पांचवीं पीढ़ी एआई आधारित डिजाइन पर भी कर रहे काम

# थनौद के मूर्तिकार अब मेटल की मूर्ति बना रहे, 10 फीट ऊंची और 1200 किलो वजन की अटल बिहारी वाजेपयी की प्रतिमा की तैयार

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिले के शिल्प ग्राम थनौद के मूर्तिकारों ने अब मिट्टी की प्रतिमाओं के अलावा मेटल की मूर्तियां भी बनाना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि मूर्तिकारों की पांचवीं पीढ़ी काफी हाईटेक हो चुकी है। युवा मूर्तिकार एआई की मदद से पहले डिजाइन तैयार कर रहे, इसके बाद उन्हें आकार दे रहे हैं। ऐसी ही एक प्रतिमा युवा मूर्तिकार लव चक्रधारी ने तैयार की। उनकी यह प्रतिमा स्टील, जिंक, कॉपर, लेड सहित अन्य धातुओं से तैयार की गई है। यह प्रतिमा को 100 साल से ज्यादा समय तक खराब नहीं होगी। जानकारी के मुताबिक यह प्रतिमा 6 अप्रैल को बालाघाट में स्थापित की गई है। करीब 10 फीट ऊंची और 1200 किलोग्राम वजन की इस प्रतिमा के लिए विशेष रूप से थनौद के मूर्तिकारों से ही संपर्क किया गया था। करीब 3 महीने की मशक्कत के बाद मूर्तिकारों ने इस प्रतिमा को तैयार कर एक अनोखी मिसाल पेश की। मूर्तिकार राधे चक्रधारी और लव चक्रधारी ने हरिभूमि से विशेष चर्चा के दौरान बताया कि इस प्रकार की प्रतिमा को तैयार करने में काफी मेहनत लगी। हमारे पूर्वज लंबे समय से मिट्टी से बनी मूर्तियां तैयार करते रहे हैं, हमने पहली बार मेटल की मूर्ति तैयार की है। इसकी इस समय खासी डिमांड है। तैयार प्रतिमा पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की है।



### थनौद में 800 से ज्यादा मूर्तिकार, जो अपनी धरोहर को संजोए हुए

थनौद में इस समय 800 से ज्यादा मूर्तिकार हैं, जो अपनी धरोहर को संजोए हुए हैं। प्रतिवर्ष उनके द्वारा गणेश पक्ष और दुर्गा पक्ष में आकर्षक और ऊंची प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। दुर्ग-भिलाई के अलावा राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर से लेकर महाराष्ट्र, एमपी, बंगाल, ओडिशा से लेकर आसपास के अन्य प्रदेशों में थनौद में बनी प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। पिछले करीब 15 सालों में थनौद की प्रतिमाओं की डिमांड तेजी से बढ़ी है। शिवनाथ नदी के तट पर बसा थनौद गांव मूर्तिकला के लिए पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों में भी अलग पहचान बना चुका है। लव चक्रधारी बताते हैं कि मूर्ति बनाना उन्होंने अपने पुरखों से सीखा है। बचपन से ही मूर्तियां बनाना शुरू कर दिया था। उनका पूरा परिवार इस काम में लगा हुआ है। नव युवकों और बच्चों को भी मूर्तियां बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### बालाघाट में स्थापित की गई प्रतिमा, मंत्री ने की प्रशंसा

जानकारी के मुताबिक तैयार प्रतिमा को बालाघाट में स्थापित किया गया है। प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में अटल बिहार वाजपेयी की प्रतिमा एवं अटल उद्यान का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मूर्तिकार लव चक्रधारी की कला की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी, लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन, वारासिवनी के पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे लोधी, रमेश रंगलानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सिटी इवेंट

# आदिगुरु शंकराचार्य प्राकट्य दिवस पर गूंजेगा शंखनाद



■ दशनाम गोस्वामी समाज का विविध आयोजन 21 को

**भिलाई।** सनातन धर्म के पुनरुद्धारकर्ता और अद्वैतवाद के प्रणेता आदिगुरु शंकराचार्य की प्राकट्य दिवस छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा राजधानी रायपुर के महादेव घाट पर 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। प्राकट्य उत्सव में संपूर्ण प्रदेश से सामाजिक जन एकत्रित होकर अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उत्सव मनाएंगे। यह आयोजन महंत चिंतामणि गिरी के सानिध्य में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में समाज के संस्थापक द्वय रमन गिरी और ओंकार पुरी, भगवताचार्य सुरेन्द्र गिरी महाराज तथा समाज के संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी व डॉ. अशोक गिरी विशेष रूप से उपस्थित रहकर समाज का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवा मय शोभायात्रा से होगा। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आदिगुरु शंकराचार्य की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। उत्सव के दौरान शिव महात्म्य पर आधारित भक्तिमय प्रवचन होगा। साथ ही आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन दर्शन, उनके अद्वैत सिद्धांत और प्रेरक प्रसंगों पर विद्वानों द्वारा विशेष व्याख्यान दिए जाएंगे, जो नई पीढ़ी को सनातन मूल्यों से परिचित कराएंगे। प्राकट्य उत्सव के पुण्य लाभ के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंचस्थ परिचय और वैचारिक आदान-प्रदान का सत्र रखा गया है। समाज की गौरवशाली प्रतिभाओं का सम्मान और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

धर्म लाइव

# विश्व में ब्रह्माकुमारी के संचालन का दायित्व महिलाओं के हाथों में



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन किया गया।

पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारी संस्था ऐसी अनुपम है जहां के संचालन का पूरा दायित्व महिलाओं के हाथों में है। दादी रतन मोहिनी के जीवन यात्रा के विषय में रीटा दीदी संचालिका, ब्रह्माकुमारीज दुर्ग ने बताया कि दादी रतनमोहिनी का जन्म 25 मार्च1925 को सिंध, पाकिस्तान में हुआ था। मात्र 13 साल की उम्र में वे ब्रह्माकुमारीज से जुड़ गईं और 87 वर्षों तक इस संस्था की यात्रा की साक्षी रहीं। उन्होंने अपने जीवन को अध्यात्म, सेवा और सशक्तिकरण के मार्ग पर समर्पित किया। बीके रीटा ने बताया कि दादी का जीवन सादगी और स्नेह से भरा था, जो उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनाता था। उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए काम किया, जिससे लोगों को जीवन के सही मार्ग पर चलने में मदद मिली। वे नारी सशक्तिकरण की एक मजबूत आवाज थीं, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए काम किया। उन्होंने समाज सेवा के लिए कई कदम उठाए, जिसमें युवा प्रभाग का नेतृत्व किया, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया। बीके रीटा ने बताया कि दादी रतनमोहिनी की प्रेरणा से अनेकों लोगों ने अपना जीवन बदल लिया। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के वैश्विक आंदोलन को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया और उनकी शिक्षाएं लोगों को अध्यात्म के मार्ग पर चलने और जन-कल्याण-कार्यों के लिए प्रेरित करेगी। इस आयोजन में अग्रवाल समाज अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, पायल अग्रवाल ने दादी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दादी परमात्मा के बातों को आत्मसात कर अध्यात्म की शिखर पर पहुंची और अनेकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। हम उनके बताए हुए अध्यात्म के मार्ग का अनुसरण करें यही वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर मंच संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली ने किया।



# शिक्षित बेरोजगारों को सेना में भर्ती होने का मिलेगा मौका, 10 तक ऑनलाइन आवेदन



**भिलाई।** भारतीय सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। पूर्व में यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी। जिसे अब अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट https://www.joinindianarmy.nic.in/ पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनमें अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोरकीपर), अग्निवीर (ट्रेडमैन 10वीं/8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) धर्म शिक्षक के पद भी शामिल हैं।

● श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा पर सेमिनार

# ज्ञान परंपरा का स्वास्थ्य और समाज में महत्वपूर्ण योगदान सभ्यता के उदय से लेकर वर्तमान परिस्थितियों पर की चर्चा

भिलाई। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा केवल आध्यात्मिक या दार्शनिक विचारों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें स्वास्थ्य, जीवनशैली, समाज व्यवस्था, पर्यावरण, शिक्षा और मानसिक संतुलन व समय का दृष्टिकोण शामिल था। आज के समय में यह परंपरा आधुनिक विज्ञान के साथ मिलाकर अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। यह बातें शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के स्वास्थ्य और समाज में योगदान पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में व्यक्त किए। उन्होंने मानव सभ्यता के उदय से लेकर आज की परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की। सेमीनार की समन्वयक डॉ. सोनाली श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय एवं शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेज के संयुक्त तत्वाधान दो दिवसीय यह सेमीनार विधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए बहुउपयोगी रही। मुख्य विषय विशेषज्ञ सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं प्रखर वक्ता डॉ. अंशुमन चौधरी थे।







### आयुर्वेद और योग का लगातार बढ़ रहा महत्व

डॉ चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुर्वेद और योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। आयुर्वेद समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रोगों के उपचार के साथ-साथ उनकी रोकथाम पर विशेष जोर दिया जाता है। योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से शारिरिक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। ध्यान और माइंडफूलनेस जैसी पद्धतियां मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने ऋषि मुनियों के त्याग, तपस्या पर प्रकाश डालते हुए जटाओं के विज्ञान की चर्चा की। वर्तमान समय में बढ़ती मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा तनाव जैसी समस्याओ के समाधान में प्राचीन भारतीय जीवनशैली प्रभावी मानी जा रही है।

### मानवता को संतुलित और स्वस्थ जीवन की दिखाती है दिशा

इस दौरान डॉ. अंशुमन चौधरी ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा समग्र जीवन दृष्टि प्रदान करती है जिसमें स्वास्थ्य, समाज, नैतिकता और प्रकृति के बीच संतुलन है। वर्तमान समय में जीवनशैली संबंधी बीमारियों, मानसिक तनाव और सामाजिक विघटन के बीच यह परंपरा मानवता को संतुलित और स्वस्थ्य जीवन की दिशा दिखाती है।

### प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को अपनाएं

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक विज्ञान और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय, स्वस्थ, संतुलित और नैतिक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को दैनिक जीवन, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली में व्यापक रूप से अपनाया जाए। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश सुदृढ़ युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक सार्थक और मजबूत कदम है। सेमीनार में विभिन्न वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण योगदान से प्राचीन और वर्तमान परिवेश में उसकी आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ संदीप श्रीवास्तव, डॉ सुशील चंद्र तिवारी, डॉ श्रुति तिवारी, डॉ स्वरणाली दास पॉल सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोध छात्र और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनाली श्रीवास्तव और आभार डॉ स्नेह कुमार मेश्राम ने किया।

जल प्रबंधन पर व्याख्यान

# नई तकनीकों को अपनाकर बढ़ाई जा सकती है जल की उपलब्धता





**दुर्ग।** बढ़ते जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच छात्राओं को जागरूक और जिम्मेदार बनाने की दिशा में पहल करते हुए शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जलागम प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और सतत विकास के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे छात्राओं को विषय की गहराई से समझ मिली।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता सहगल ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जल संसाधन संरक्षण, मृदा संरक्षण और सतत विकास की अवधारणा से अवगत कराने के लिए यह आयोजन किया गया था। वर्तमान समय में जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए यह विषय प्रासंगिक और उपयोगी है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में जलागम प्रबंधन की वैज्ञानिक अवधारणा को सरल भाषा में प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह केवल पानी बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की व्यापक प्रक्रिया शामिल है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, कंटूर बंडिंग, चेक डैम निर्माण और वृक्षारोपण जैसे प्रभावी उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन तकनीकों को अपनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा यादव ने जलागम प्रबंधन के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। व्याख्यान में छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मुख्य वक्ता ने उनके सवालों के संतोषजनक उत्तर देकर जिज्ञासाओं को शांत किया। इस दौरान छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक रूप से सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का संचालन नितिन कुमार देवांगन और छात्रा रजनीत कौर ने आभार व्यक्त किया।

सम्मान समारोह

# कला व व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण में बीएड विद्यार्थियों को दी सीख



**भिलाई।** नई शिक्षा नीति के तहत स्कूली शिक्षा के साथ कला एवं रोजगारपरक व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट द्वारा दो दिवसीय व्यावसायिक एवं कला शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कला प्रशिक्षक एवं स्त्रोत व्यक्ति राम कुमार वर्मा को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला में बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लगभग 100 छात्राध्यापकों को चार प्रमुख कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। राम कुमार वर्मा ने बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी लोक चित्र शैली, जापानी कला ओरिगामी, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक चउक पूरना सीता चौक तथा कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत पुराने ग्रीटिंग कार्ड से हैंगिंग शोपीस निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही रंगीन स्लाइड्स के माध्यम से स्कूलों में कला शिक्षा के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, शिल्प और समाजोपयोगी कलाओं को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाते हुए नई विधाओं को सीखने में उत्साह प्रदर्शित किया।समापन अवसर पर प्राचार्य युगल किशोर अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक सुशील जैन, कला शिक्षा प्रभारी विनती श्रीवास्तव एवं संयोजनकर्ता अर्चना पाठक ने राम कुमार वर्मा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य अग्रवाल ने कहा कि कला एवं व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हेल्थ विभाग ने जारी की एडवाइजरी, दोपहर के समय घर से बाहर सिर ढंक कर निकलें

# दिखने लगा गर्म हवा का असर, डिहाइड्रेशन और उल्टी के केस बढ़े, डॉक्टरों की सलाह धूप से बचें, पानी ज्यादा पिएं

कार्नर न्यूज

भिलाई। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। इन दिनों डिहाइड्रेशन, उल्टी और पेट से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ती नजर आ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, तेज धूप, अधिक पसीना निकलना और शरीर में पानी की कमी इन बीमारियों की मुख्य वजह बन रही है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई मरीज उल्टी, चक्कर, कमजोरी और बुखार जैसी शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी सेहत पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में लोगों को दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए और शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। इसके अलावा बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें और धूप से बचने की कोशिश करें। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि अधिक देर तक खाली पेट न रहें और हल्का, ताजा और सुपाच्य भोजन करें। बासी और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की भी जरूरत है, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।



### सही खानपान से ही मिलेगी राहत

गर्मी का मौसम आते ही शरीर पर सीधा असर दिखने लगता है। तेज धूप, पसीना और पानी की कमी के कारण थकान, डिहाइड्रेशन और पेट से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सही खानपान ही सबसे बड़ा बचाव बनता है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी के दिनों में हल्का, ताजा और आसानी से



पचने वाला भोजन करना चाहिए। ज्यादा तला-भुना और मसालेदार खाना शरीर में गर्मी बढ़ाता है, जिससे परेशानी और बढ़ सकती है। इस मौसम में पानी से भरपूर चीजें ज्यादा फायदेमंद होती हैं। जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और नारियल पानी। ये शरीर को ठंडक देते हैं और पानी की कमी नहीं होने देते।

### बाहर के खुले और बासी खाने से बचें

दही, छाछ और लस्सी जैसे पेय पदार्थ भी गर्मी में बहुत फायदेमंद होते हैं। ये पाचन को ठीक रखते हैं और शरीर को ठंडा बनाए रखते हैं। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। साथ ही बाहर के खुले और बासी खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। खाने में हरी सब्जियां, फल और हल्की दालों को शामिल करना बेहतर रहता है। ज्यादा देर तक भूखे रहने से भी बचना चाहिए, क्योंकि इससे कमजोरी और चक्कर की समस्या हो सकती है।


### धूप से बचें, समय पर खाएं और इलाज में देरी न करें

बिना किसी जरूरी काम के तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को गमछे से ढकें और आंखों को तेज धूप से बचाने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करें। अगर किसी व्यक्ति को उल्टी, चक्कर, कमजोरी या अन्य स्वास्थ्य समस्या महसूस हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। यहां मरीजों को ओआरएस के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**-डॉ. पीयम सिंह,** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला

## वास्तु टिप्स

### काम में नहीं लगता आपका मन, तो अपनाएं वास्तु के जरूरी टिप्स



किसी भी काम को अच्छी तरह से करने के लिए जरूरी है कि उसमें मन लगाया जाए। हालांकि, कुछ लोगों की यह शिकायत होती है कि उनका काम में मन ही नहीं लगता है। जब भी वे किसी काम को करने लगते हैं तो उनका मन इधर-उधर भागने लगता है या फिर उनका मन उचाट लगने लगता है। ऐसे में काम में फोकस नहीं हो पाता है और व्यक्ति या तो गलतियां करने लगता है या फिर मन ना होने पर काम करने के कारण उसका काम काफी देर से खत्म होता है। यह कहीं ना कहीं आपको परेशान कर सकता है। हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो और इस वजह से आप खुद को मानसिक रूप से परेशान महसूस करते हो। तो ऐसे में आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाने की जरूरत होती है। दरअसल, हमारे आसपास ऐसी कई चीजें होती हैं, जो हमारा ध्यान भटका सकती हैं या फिर उनकी वजह से हमारा काम में मन नहीं लगता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ.



आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

#### जरूर चेक करें खिड़की-दरवाजे

अगर आपको यह महसूस होता है कि आपका अपने काम में मन ही लगता है या फिर वह बार-बार भटकता है तो ऐसे में आपको अपने घर के खिड़की-दरवाजे जरूर चेक करने चाहिए। अगर आपके घर के खिड़की-दरवाजे खुलने व बंद होने पर चूं-चूं की आवाज करते हैं तो इससे आपका ध्यान भटकता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप अपने घर के दरवाजों व खिड़कियों की ऑयलिंग करें, जिससे उनमें से आवाज ना आए।

#### दक्षिण-पश्चिम दिशा में ना हो मुख

घर में आप किस दिशा में मुख करके बैठते हैं, इस पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर अक्सर काम करते हुए या फिर घर में उठते-बैठते आपका मुख ज्यादातर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रहता है तो इससे भी व्यक्ति का मन काम में



नहीं लगता है। ऐसे में व्यक्ति को बेवजह तनाव रहता है और उसे बहुत अधिक गुस्सा आता है। हरदम इस दिशा में मुख करके बैठने से व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा हो जाता है। यहां तक कि वह बेवजह ही घर के सदस्यों पर गुस्सा करना या चिल्लाना शुरू कर देता है।

#### ऑक्सीजन का प्रवाह

अगर आपको ऐसा लगता है कि घर के सभी सदस्य अक्सर तनाव में रहते हैं या फिर उनका काम में मन नहीं लगता है तो आपको घर में ऑक्सीजन की सप्लाई पर ध्यान देना चाहिए। कुछ लोग अपने घर के खिड़की-दरवाजे हरदम बंद रखते हैं। ऐसा करने से ऑक्सीजन का प्रवाह सही नहीं होता है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा नहीं आ पाती है।दरवाजों की दिशाका भी ठीक होना जरूरी होता है। इससे भी आपका मूड हरवक्त खराब रहेगा और आपका काम में मन नहीं लगेगा। हो सकता है कि आपका घर से बाहर निकलने का भी मन ना करे और आप बहुत अधिक सुस्ती महसूस करें।

#### फाइलों को करें चेक

अगर आपको काम में अपना ध्यान लगाने में समस्या महसूस हो रही है तो ऐसे में आपको अपने घर व ऑफिस में रखी फाइलों को एक बार चेक जरूर करना चाहिए। कई बार जरूरी फाइलें भी इधर-उधर बिखरी हुई होती हैं और उन पर धूल-मिट्टी होती है। इतना ही नहीं, लंबे समय तक फाइलों को ऐसे ही छोड़ देने से उन पर जाले लग जाते हैं। इससे भी नेगेटिविटी क्रिएट होती है और व्यक्ति का काम में बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। इसलिए, फाइलों को अच्छी साफ करें और उन्हें सही तरह से अरेंज करके रखें।

## देश की 38% आबादी लिवर के रोग की शिकार

# कमजोर साबित हो रहा आज के नौजवानों का लिवर, लक्षण दिखें तो तुरंत हो जाएं सचेत

लिवर की बीमारियां वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही हैं, विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में तेजी से बढ़ती ये समस्या काफी चिंताजनक है। कम उम्र में ही लोगों में लिवर की बीमारी, विशेषतौर पर नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) डिजीज विकसित होने का जोखिम अधिक देखा जा रहा है।

युवाओं मे बढ़ती इस गंभीर समस्या के बारे में समझने के लिए एम्स के विशेषज्ञों ने अध्ययन किया। इसके विश्लेषण में शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि देश की कम से कम एक तिहाई आबादी (38 प्रतिशत से अधिक) में एनएएफएलडी की समस्या हो सकती है जो निश्चित ही एक गंभीर विषय है।

जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि यह समस्या केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं है, लगभग 35 प्रतिशत बच्चों में भी ये दिक्कत देखी जा रही है। गौरतलब है कि लिवर की इस समस्या के कई गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी उम्र के लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। एनएएफएलडी किसी भी आयु के व्यक्ति को प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है।



### एनएएफएलडी की नहीं हो पा रही है समय पर पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया, ज्यादातर लोगों में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की पहचान नहीं हो पा रही है। इस बीमारी के प्रारंभिक चरणों में अक्सर कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, जिससे रोगियों को अपनी समस्या के बारे में पता ही नहीं चल पाता है। कई कारण हैं जो इस बीमारी के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।




### आहार की गड़बड़ी के कारण बढ़ रहा है जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, फैटी लीवर या स्टीटोहेपेटाइटिस का एक प्रमुख कारण हमारे आहार में गड़बड़ी होना माना जा सकता है। जिस प्रकार से हमारे भोजन में पश्चिमी चीजें बढ़ रही हैं उसने जोखिमों को और भी बढ़ा दिया है। विशेषतौर पर फास्ट फूड्स की बढ़ी हुई मात्रा के साथ आहार में फलों-सब्जियों की कमी और गतिहीन जीवनशैली की आदतों के चलते इस रोग के विकसित होने का खतरा और भी बढ़ गया है।

### हार्ट-डायबिटीज की तरह ही गंभीर है ये बीमारी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, इस बीमारी को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मेटाबॉलिज्म से संबंधित अन्य समस्याओं की तरह से गंभीरता से देखा जाना चाहिए। हालांकि दुर्भाग्यवश फिलहाल हमारे पास फैटी लिवर की समस्या के लिए वर्तमान में न तो कोई



विशिष्ट दवा है न ही कोई उपचार। बड़ी संख्या में युवा तेजी से इसके शिकार होते जा रहे हैं, लिवर की इस बीमारी के कई गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए।

### एनएएफएलडी से सभी लोगों को करना चाहिए बचाव

डॉक्टर्स कहते हैं, तेजी से बढ़ते इस नए स्वास्थ्य जोखिम से बचने का एकमात्र तरीका स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना और आहार को स्वस्थ रखना है। ऐसा करके हम इन स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को भी कंट्रोल कर सकेंगे जो इस रोग को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि शराब का सेवन करना, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ रहा है, हमें इस दिशा में भी विशेष सुधार की आवश्यकता है। लिवर की इस बीमारी का बढ़ना गंभीर स्वास्थ्य संकेत हो सकता है।



## लंबाई नहीं बढ़ रही तो मदद कर सकता है योगासन

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है। एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट/ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है। हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21 वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपने सही आर्टिकल को पढ़ना शुरू किया है।

आप योग का अभ्यास करके एक लंबा फ्रेम हासिल कर सकते हैं। योग का अभ्यास करने से आपको आराम मिलेगा और आपको भावनात्मक और मानसिक तनाव से राहत



मिलेगी। कुछ आसान योग आसन का नियमित अभ्यास आपके शरीर को खिंचाव देंगा और लचीलापन बढ़ाने में मदद कर सकता है। योग करने से आपके कंकाल या हड्डियों की ऊंचाई नहीं बढ़ेगी, जो कि अधिकांश सिर्फ 20 साल की उम्र तक बढ़ती है, इसके बाद तो बिल्कुल नहीं बढ़ेगी।

आनुवंशिकी, लाइफस्टाइल फैक्टर्स और पोषण आपकी हाइट निर्धारित करते हैं। यहां तक कि अगर आप अपनी रीढ़ में डिस्क के कंप्रेशन को कम करके अपनी ऊंचाई को थोड़ा बढ़ाने की कोशिश करते हैं, तो भी ज्यादा परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि, आपकी रोजमर्रा की एक्टिविटीज के आधार पर नतीजे अलग हो सकते हैं। जैसे,

### योग से पोश्चर अच्छा होता है

हालांकि, योग ताकतवर मांसपेशियों का निर्माण कर सकता है, जो अच्छी पोश्चर को सपोर्ट कर सकता है। अपनी रीढ़ को लंबा करने और अपनी मुद्रा सुधारने के बाद आप पहले से लंबे दिखाई दे सकते हैं। आप कुछ ही समय में अंतर को महसूस कर सकते हैं

अधिक सीधी स्थिति बनाए रखने से आपका शरीर कुछ इंच ऊपर उठ सकता है। आप विशेष रूप से अपने ऊपरी शरीर में इस विस्तार को महसूस कर सकते हैं, हालांकि आपका निचला शरीर अभी भी एक भूमिका निभाता है।

### योग ब्रीदिंग में सजगता को बढ़ाता है

योग का अभ्यास ब्रीदिंग में जागरूकता पैदा करने में मदद करता है। जैसा कि आप पूरे दिन अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं, आप स्वाभाविक रूप से अच्छी मुद्रा बनाए रख सकते हैं ताकि आप अपनी अधिकतम क्षमता से सांस ले सकें। आप यह भी पा सकते हैं कि सांस की जागरूकता और बेहतर मुद्रा का संयोजन आपको अधिक ऊर्जा देता है।



## भिलाई में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का शंखनाद कल से

**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पहली बार एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। आगामी शुक्रवार 10 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक इस्पात नगरी भिलाई के 'भिलाई निवास' स्थित साइकिल पोलो ग्राउंड में आयोजित होने वाली अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल संचालन और भव्य समापन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं सांसद विजय बघेल ने उठाई है। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगी।

- सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में हो रहा आयोजन, देश भर से पहुंच रहे खिलाड़ी



### देशभर के 1100 पहलवानों का महासंग्राम

सांसद विजय बघेल के निमंत्रण पर देश के 28 राज्यों और विभिन्न सर्विसेज की टीमों से 1100 से अधिक महिला एवं पुरुष पहलवान भिलाई की धरा पर जुट रहे हैं। खिलाड़ी 120 मेडल और 3 ट्रॉफियों के लिए अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन में विशेष रूप से पूर्व सांसद एवं पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह (नेताजी) और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह (बबलू) अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ी और जॉर्जिया के कोच के साथ भारतीय सेवा की टीमें आकर्षण का केंद्र होंगी।

### देश भर से खिलाड़ियों का आगमन शुरू

प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन शुरू हो गया है। सांसद विजय बघेल के निर्देशों पर खिलाड़ियों के ठहरने और सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था की गई है। अब तक जम्मू से 15 बालक एवं 7 बालिकाएं,झारखंड से 10 बालिकाएं,केरल से 10 बालिकाएं और दिल्ली से 4 बालिकाएं अपना दमखम दिखाने पहुंच चुके हैं।

### आयोजन टीम जुटी तैयारियों में

सांसद विजय बघेल के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी दिलबर यादव, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव, लक्ष्मण पहलवान, भगवान पहलवान एवं संघ के समस्त पदाधिकारी दिन-रात जुटे हुए हैं।सांसद विजय बघेल ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## कभी लौकी का डोसा बनाकर देखिए, बच्चे भी खाएंगे शौक से



जब भी हम कुछ बनाते हैं तो ये कोशिश करते हैं कि घर के बड़े से लेकर बच्चे तक से काफी चाव से खाएं। बड़े तो सब कुछ खा लेते हैं लेकिन बच्चों को कुछ भी खिलाने में काफी परेशानी होती है। बच्चे चाहे कितनी बड़े हो जाएं लेकिन खाने को लेकर इनके नखरे हमेशा होते हैं। खासकर जब बात आती है सब्जी खाने की तो बच्चे इससे दूर भागते हैं। अगर उनके मन की सब्जी बनी हो तब तो ठीक है लेकिन लौकी और तोरई जैसी सब्जी तो शायद ही किसी बच्चे को पसंद होगी।

इन्हीं नखरों को देखते हुए आज हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे खाकर आपके बच्चे भी खुश हो जाएंगे और उन्हें पता भी नहीं लगेगा कि ये डिश लौकी से बनी है। दरअसल, आज के लेख में हम आपको लौकी का डोसा बनाना बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपने बच्चे को हेल्दी और स्वादिष्ट पकवान घर पर बना कर खिला सकें।

**विधि:** सबसे पहले लौकी को छीलकर और कद्दूकस कर लीजिए। अगर लौकी में ज्यादा पानी है, तो थोड़ा सा प्रेस करके पानी निकाल दीजिए। अब एक बड़े बाउल में कद्दूकस की हुई लौकी, चावल का आटा, सूजी, दही, हरी मिर्च, हरा धनिया, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक को मिलाकर अच्छे से मिलाइए। इसके बाद इस बैटर में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर इसे तैयार करें। बैटर को रेस्ट करने के लिए 15-20 मिनट तक छोड़ दीजिए। इसके बाद एक नॉनस्टिक डोसा तवा को मध्यम आंच पर गरम करें और उसे थोड़ा-थोड़ा करके तेल से लगाइए। अब तवे पर इस बैटर से डोसा बनाएं। वह सुनहरा और कुरकुरा हो जाए, तो उसे पलट दीजिए और दूसरी ओर से भी सेक लें।

कार्नर न्यूज

## विशेषज्ञों का मानना है कि आहार में करना चाहिए बदलाव

# शाकाहारी लोगों में पोषक तत्व की कमी का खतरा ज्यादा, कमी पूरी करने के लिए उठाएं जरूरी कदम

आहार का स्वस्थ रहना आपके शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक माना जाता है, पर क्या आपको अपने आहार से शरीर के लिए जरूरी सभी तत्व प्राप्त हो रहे हैं? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर पिछले कुछ वर्षों में विटामिन सप्लीमेंट्स की मांग काफी तेजी से बढ़ी है। इसका मतलब है कि हमें आहार में विशेष सुधार की आवश्यकता है। इसी से संबंधित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने बताया है कि शाकाहारी आहार का पालन करने वाले लोगों में ओमेगा-3 पोषक तत्व की कमी होने का जोखिम अधिक रहता है।

अध्ययनों में पाया गया है कि ओमेगा-3 फैटी एसिड हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिमों को कम करने, ब्लड प्रेशर की समस्या को कम करने में इस पोषक की जरूरत होती है। इसकी कमी के कारण कमजोरी और नींद की समस्या हो सकती है। सभी लोगों को आहार के माध्यम से इसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर स्वाभाविक रूप से अल्फा-लिनोलेनिक एसिड (एएलए) को लंबी श्रृंखला वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड की जरूरत होती है, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। मांसाहार के माध्यम से इसे आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। हालांकि अगर आप शाकाहारी हैं, तो भी आहार में कुछ चीजों को शामिल करके आसानी से ओमेगा-3 प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं इसके लिए किन चीजों का सेवन किया जाना आवश्यक होता है?



### आहार के माध्यम से कैसे प्राप्त करें ओमेगा-3

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई खाद्य पदार्थों से ओमेगा-3 फैटी एसिड प्राप्त हो सकता है। मछलियों, सीड्स और नट्स से भरपूर आहार आपको शरीर के लिए आवश्यक ओमेगा-3 प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। ओमेगा-3 फैटी एसिड के आपके शरीर और मस्तिष्क के लिए विभिन्न लाभ हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्था के अनुसार, पौधे पर आधारित कई खाद्य पदार्थों से ओमेगा-3 की जरूरतों की पूर्ति की जा सकती है। पुरुषों के लिए रोजाना 1,600 मिलीग्राम है और महिलाओं के लिए 1,100 मिलीग्राम की मात्रा में इसकी आवश्यकता होती है। आइए जानते हैं कि इसके लिए किन चीजों का सेवन किया जा सकता है?

### चिया सीड्स से होने वाले स्वास्थ्य लाभ

चिया सीड्स हमारे शरीर के लिए कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ से भरपूर होता है। अध्ययनों में पाया गया कि पाचन स्वास्थ्य लाभ के साथ चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होती है। इनमें फाइबर और प्रोटीन भी अधिक मात्रा में होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि दैनिक रूप से चिया सीड्स को आहार का हिस्सा बनाकर शरीर के लिए इससे संबंधित स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

### अखरोट को बनाएं आहार का हिस्सा

अखरोट स्वास्थ्यप्रद वसा का एक उत्कृष्ट स्रोत है, जिसमें एएलए ओमेगा-3 फैटी एसिड भी शामिल है। इनमें प्रति कप 3.346 ग्राम एएलएहोता है। मस्तिष्क से संबंधित समस्याओं के जोखिमों को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अखरोट का सेवन करना आपके लिए लाभकारी हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि दैनिक रूप से अखरोट खाने वाले लोगों में मस्तिष्क से संबंधित समस्याओं का जोखिम कम होता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमांडा ने कैंसर के आगे नहीं मानी हार याद किया तकलीफ से भरे दिनों को

बॉलीवुड में महिमा चौधरी, मनीषा कोइराला जैसे एक्ट्रेस ने कैंसर से जंग लड़ी है। ऐसी ही एक लड़ाई हॉलीवुड एक्ट्रेस अमांडा पीट भी लड़ रही हैं। हाल ही में इस



हॉलीवुड एक्ट्रेस ने अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट जर्नी का जिक्र किया। अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं।

'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने द न्यू यॉर्कर अखबार में एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बतात हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इस खबर ने उनकी दुनिया को हिलाकर रख दिया।

अमांडा उन दिनों को याद करते हुए लिखती हैं कि शुरुआती रिपोर्ट में एक छोटा ट्यूमर पाया गया था। आगे भी टेस्ट किए गए, जिसके बाद कैंसर का पता चला। अपने पति और 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के को-क्रिएटर डेविड बेनियोफ के साथ रिपोर्ट का इंतजार किया। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद इलाज शुरू हुआ। अमांडा ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि जब उनका कैंसर ट्रीटमेंट चल रहा था तो काफी दर्द और कष्ट होता था। उनका कहना है कि यह ट्रीटमेंट ऐसा था जैसे वह किसी जंग में लड़ रही हों। ट्रीटमेंट के बाद उनके ब्रेस्ट पर छाले पड़ गए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि उनक कैंसर पहली स्टेज पर था।

### टॉलीवुड

## यूजर ने मां के अंतिम संस्कार के तरीके पर उठाया सवाल, प्रकाश राज ने दिया करारा जवाब

एक्टर प्रकाश राज की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई, जिसका उन्होंने जवाब दिया है। दरअसल एक्टर की मां, स्वर्णलता का 29 मार्च को 86 साल की



उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मार्च को बेंगलुरु में ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ। चर्च में हुए अंतिम संस्कार की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई, जिसमें एक्टर अपनी मां को अंतिम विदाई देते हुए नजर आए।

सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने एक्टर को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने एक पुराना वीडियो शेयर किया जिसमें प्रकाश राज ने खुद को नास्तिक कहा था। यूजर्स ने सवाल उठाया कि उन्होंने ईसाई परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार क्यों किया?

एक यूजर ने लिखा, 'प्रकाश राज खुद को नास्तिक कहते हैं और कहते हैं कि वे भगवान में विश्वास नहीं करते। फिर भी वे अपनी मां का अंतिम संस्कार ईसाई परंपराओं के अनुसार करते हैं।' आलोचना का जवाब देते हुए, एक्टर ने एक्स पर लिखा, 'हां। मैं भगवान में विश्वास नहीं करता।।। लेकिन मेरी मां अपने भगवान में विश्वास करती थीं। मैं कौन होता हूं उन्हें उनके विश्वास के अनुसार दफनाए जाने के अधिकार से वंचित करने वाला? यह वह बुनियादी सम्मान है जो हम एक-दूसरे को देते हैं। क्या नफरत फैलाने वाले ये राक्षस इस बात को समझेंगे? बस पूछ रहा हूं।'

प्रकाश राज फिल्म इंडस्ट्री में लगातार एक्टिव हैं। हाल ही में वह 'देवराः पार्ट 1' और 'दे कॉल हिम ओजी' जैसी फिल्मों में नजर आए। उनकी आखिरी फिल्म 'सीता पयानम' थी। वह अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा होंगे।

### भोजपुरी

## पवन-खेसारी नहीं, इस सिंगर ने बनाया सबसे बड़ा रिकॉर्ड और रचा इतिहास


भोजपुरी गाना 'हैलो कौन' आज भी लोगों की जुबान पर है, रितेश पांडे की आवाज में गाए इस गाने ने यूट्यूब पर 1 अरब से ज्यादा व्यूज हासिल कर इतिहास रच दिया। इस



गाने ने पवन सिंह और खेसारी लाल जैसे बड़े सितारों के गानों को भी पीछे छोड़ दिया। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में कई गाने ऐसे हैं जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर छा जाते हैं। लेकिन कुछ गाने ऐसे भी होते हैं जो सालों बाद भी लोगों की जुबान पर बने रहते हैं। भोजपुरी गानों की जहां बात आती है, तो कुछ खास सिंगर्स के ही नाम सामने आते हैं, जिसमें पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, निरहुआ का नाम शामिल है। लेकिन, कमाल की बात है कि यूट्यूब पर जिस भोजपुरी गाने ने कब्जा जमाया है, वो इन में से किसी भी सिंगर का गाना नहीं है। भोजपुरी के गानों का क्रेज दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, इनमें से भी कुछ गाने ऐसे हैं, जो सालों बितने के बाद भी लोगों के जुबान पर टिका रहता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं, वो साल 2019 में रिलीज हुआ गाना, 'हैलो कौन'है। इस गाने को भोजपुरी सिंगर और एक्टर रितेश पांडे ने गाया है। इस गाने ने व्यूज के मामले में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया कि बड़े-बड़े सुपरस्टार भी पीछे रह गए। इस गाने ने पवन सिंह और खेसारी के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। 'हैलो कौन' की बात करें, तो ये गाना रितेश पांडे ने गाया था और इसमें उनके साथ सिंगर स्नेहा उपाध्याय की आवाज भी शामिल है। साल 2019 में रिलीज हुआ ये गाना देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गया। गाने की धुन, मजेदार बोल और अलग अंदाज ने लोगों को इतना पसंद आया कि यह हर जगह बजने लगा।

### लहंगा बड़ा महंगा

"20वीं सदी के शुरुआत तक लहंगा धनाढ्य और कुलीन महिलाओं की पहली पसंद होता था। मिडिल और अपल मिडिल क्लास ने धीरे-धीरे इसे अपनी अपनी खास पोशाक में शामिल कर लिया है। हालांकि मध्यकाल के फैशन का सीधा असर इस परम्परागत पोशाक पर भी खूब पड़ा है। उत्तम वस्त्रों, जटिल कढ़ाई और विस्तृत डिज़ाइनों को फैशन में लाने वाले अग्रणी डिजाइनर मध्यकाल के थे। तब रेशम और मखमल जैसे कीमती वस्त्र आम हो गए। इन खूबसूरत वस्त्रों को सोने और चांदी के धागों से खूबसूरती से सजाया जाता था।




## इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान

आजकल लंबे और घने बालों के लिए महिलाएं कई तरह के तेल और हेयर मास्क लगाती हैं या फिर कोई थेरेपी लेती हैं। लेकिन आप 'इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर'का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बाजार में अलग-अलग तरीके के स्कैल्प मसाजर मिलते हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर सबसे बेहतर हैं। ये मसाजर रिचार्जेबल लिथियम और आयन बैटरी से चलते हैं, इसलिए उपयोग करने के लिए इन्हें प्लग-इन करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। नरम सिलिकॉन से बना यह मसाजर बालों को खींचने या उलझने से रोकता है और त्वचा को चोट पहुंचाए बिना आपको आराम पहुंचाता है। इसमें छोटे-छोटे मोशन और वाइब्रेशन करने वाले उपकरण लगे होते हैं, जो सिर की त्वचा पर हल्के दबाव से मसाज कर मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के सीनियर रेजिडेंट, त्वचा विज्ञान विभाग डॉ अमित कुमार मीणा का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर बालों के विकास के लिए लाभकारी हैं। इससे बालों को ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से सिर में खुजली हो सकती है और बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपको बालों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या है तो पहले आप अपने डॉक्टर से सलाह लें और उनकी सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करें। अगर आपको कैंसर या एपिलेप्सी की परेशानी है तो लगातार स्कैल्प मसाजर का इस्तेमाल न करें। वहीं अगर आपको स्कैल्प में कोई सूजन,



गांठ या कहीं कोई कट लगा है तो मसाजर का इस्तेमाल करने से परहेज करें। यह आपकी परेशानी को बढ़ा सकता।

## इस गर्मी खूब फबेगी चिकनकारी कुर्ती, बस सही से करना है स्टाइल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं इस मौसम में इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं कि वो ऐसा क्या पहनें, जिसे पहनकर स्टाइलिश भी दिखें और उन्हें गर्मी भी न लगे। ऐसे में महिलाओं के लिए सबसे सही विकल्प माना जाता है चिकनकारी कुर्ती। ये देखने में भी काफी अच्छी लगती है और इसे पहनकर लुक भी अच्छा दिखता है। खासतौर पर यदि इसे सही तरह से स्टाइल किया जाए तो आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा दिख सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, कि आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे स्टाइल कर सकती हैं।



### सही होनी चाहिए फिटिंग

यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। यदि आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक ही खराब दिखेगा। ऐसे में अपनी कुर्ती को सही से फिटिंग के बाद ही पहनें।



### जींस के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप ऑफिस में चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसके साथ जींस कैरी कर सकती हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। खासतौर पर यदि आप आरामदायक लुक कैरी करना चाहती हैं तो जींस के साथ चिकनकारी कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

### प्लाजो के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप इसके साथ जींस कैरी नहीं करना चाहती हैं तो प्लाजो पहनें। प्लाजो के साथ यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा।


## हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखना नाखूनों के लिए गलत

यदि आप हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखती हैं तो पहले इसके नुकसान जान लें। जिस तरह से चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं नाखूनों पर नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। आजकल तो बाजार में कई प्रकार की नेल पॉलिश मिलती है, जो देखने में काफी अलग और खूबसूरत लगती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि नेल पॉलिश के इस्तेमाल से नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचता है।

भले ही आप कितनी भी अच्छी क्लाविटी की नेल पॉलिश इस्तेमाल करें, लेकिन वो नाखूनों को डैमेज कर ही जाती है। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है, इसी के चलते आज हम यहां आपको नेल पॉलिश लगाने के नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### नाखूनों को नहीं मिलता सांस लेने का समय

यदि आप लगातार नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाकर रखेंगी तो इससे नाखूनों को सांस लेने



का समय नहीं मिलेगा। इसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं। ध्यान रखें कि यदि आप नाखूनों को थोड़ा बिना नेल पॉलिश के रखेंगी तो इससे वो प्राकृतिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

### नाखून होंगे ड्राई

लगातार नेल पॉलिश के इस्तेमाल करने से आपके नाखूनों की नमी कम होने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कई तरह की नेल पॉलिश में केमिकल्स जैसे टोल्यून, फॉर्मल्डेहाइड आदि तत्व पाए जाते हैं, जो नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे नाखूनों की नमी खत्म होने लगती है।

## गर्मी में चेहरे पर कौन सी क्रीम लगानी चाहिए, जवाब मिलेगा यहां

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में इस मौसम में त्वचा का सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि इस मौसम में सही स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न किया जाए तो चेहरा काफी चिपचिप करता है। इसी वजह से हर कोई अपने चेहरे का खास ध्यान रखता है। बहुत से लोग पूरी गर्मी इसी डाउट में रहते हैं कि वो किस तरह की क्रीम लगा सकते हैं, क्योंकि किसी भी तरह की क्रीम के इस्तेमाल से चेहरा चिपचिपाता ही है। इसी के चलते आज हम आपको बताएंगे कि आप कैसी क्रीम का इस्तेमाल गर्मी के मौसम में कर सकते हैं। दरअसल, कुछ क्रीम ऐसी होती हैं, जिनका इस्तेमाल गर्मी के मौसम में करना जरूरी हो जाता है। इसलिए आप भी इसका इस्तेमाल करें और अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाएं।

### हाइड्रेशन प्रदान करने वाली क्रीम

चाहे आपकी त्वचा ड्राई हो या फिर ऑयली, आपको हमेशा ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए, जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। दरअसल, इस मौसम में शरीर के साथ-साथ त्वचा भी डिहाइड्रेट हो जाती है, ऐसे में ऐसी



क्रीम का इस्तेमाल करें जो डिहाइड्रेशन दूर करे। बस ध्यान रखें कि आपकी ये क्रीम ऑयली नहीं होनी चाहिए। ये जेल बेस्ड होगी तो त्वचा चिपचिपी नहीं होगी।

### 40 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन

गर्मियों के मौसम में त्वचा को धूप की हानिकारक किरणों से बचाना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए आप 40 या 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे खरीदते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें। इसके साथ ये भी जहन में रखें कि आपकी सनस्क्रीन कभी भी ऐसी नहीं होगी चाहिए, जिसको लगाने के बाद चेहरा सफेद दिखे।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के नाम पर नो मेकअप भी पसंद करती हैं लड़कियां

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब

शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

### हैवी बेस की जरूरत नहीं

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

### स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी




मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

### डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें

अब ब्लश का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

### लाइनर से रहें दूर

अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का



इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। नो मेकअप लुक में आपको आई लाइनर की जरूरत नहीं है।

### बोल्ड लिप्स को करें बाय

भले ही आपको कितने भी बोल्ड लिप्स पसंद हों लेकिन नो मेकअप लुक के साथ लिप्स को लाइट ही रखें। इसके लिए न्यूड शेड वाली लिपस्टिक इस्तेमाल करें। नो मेकअप लुक में यदि आप डार्क शेड की लिपस्टिक लगाएंगी तो आपका लुक बिगड़ जाएगा।